तापमान

अधिकतम 30.0 डिग्री से.
न्यूनतम 19.0 डिग्री से.

हरिभूमि
सोनीपत भूमि

रोहतक, मंगलवार 13 अक्टूबर 2026

11 मां ब्रह्मचारिणी की भक्ति में डूबे श्रद्धालु, उमड़ी भीड़



12 स्वर्ण पदक विजेता शिल्पी डबास का भव्य स्वागत



खबर संक्षेप

ट्रक की टक्कर से बाइक सवार कर्मी की मौत

खरखौदा। हलालपुर में ट्रक की टक्कर लगने से मोटरसाइकिल सवार की मौत हो गई। मृतक की पहचान बिहार के दरभंगा जिले के अदलपुर निवासी सुरेंद्र पासवान के रूप में हुई है। वह झज्जर जिले के कुलासी गांव स्थित श्री श्याम पेपर कंपनी में काम करते थे। पुलिस ने मृतक के बेटे बल्लू पासवान की शिकायत पर ट्रक चालक जोगा सिंह के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बल्लू पासवान ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके पिता 10 अक्टूबर की शाम ड्यूटी समाप्त होने के बाद मोटरसाइकिल से कुंडली स्थित अपने किराये के मकान पर लौट रहे थे। रात करीब साढ़े आठ बजे उसे सूचना मिली कि हलालपुर गांव में उसके पिता का सड़क हादसा हो गया है।

सूचना मिलने पर वह मौके पर पहुंचा तो पता चला कि ट्रक की टक्कर लगने से उसके पिता गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।बल्लू ने राहगीरों की सहायता से उन्हें खरखौदा के सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

किराए पर रह रहे युवक ने फंदा लगाया

सोनीपत। सोनीपत के मसद मोहल्ले में किराये के कमरे में रहने वाले उत्तर प्रदेश के 24 वर्षीय युवक शहनवाज की शनिवार को मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, युवक ने आत्महत्या की है। वह करीब दो महीने पहले रोजगार की तलाश में सोनीपत आया था और यहां एक निजी अस्पताल में काम करता था। वह मकान की दूसरी मंजिल पर किराये के कमरे में रह रहा था। जानकारी के अनुसार, शनिवार सुबह करीब 11:55 बजे मकान में नीचे रहने वाला व्यक्ति दूसरी मंजिल पर पहुंचा तो उसने शहनवाज को संदिग्ध अवस्था में देखा। इसके बाद उसने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर फॉरेंसिक टीम को बुलाया और जांच के बाद शव को नीचे उतरवाया। इसके बाद उसे नागरिक अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों के अनुसार, शहनवाज ने शुक्रवार रात को अपने पिता से फोन पर बातचीत की थी। परिवार में उसकी छोटी बहन की शादी की तैयारियां चल रही थीं। वह शादी के लिए कपड़े भी सिलवा चुका था।

पश्चिमी विक्षोभ से रातभर बरसे बादल, तेज हवाओं से ठंड का अहसास

मंडी में 10 हजार क्विंटल धान भीगा खरीद के इंतजार में धरने पर बैठे किसान

रविवार रात से सोमवार सुबह तक जिले में औसतन 29 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत



सोनीपत। नई अनाज मंडी में बारिश से भीगा धान सुखाते किसान।



पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से रविवार रात जिलेभर में रुक-रुककर बारिश हुई। तेज हवाओं के साथ हुई बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज की गई, जिससे लोगों को ठंड का अहसास होने लगा है। रविवार रात से सोमवार सुबह तक जिले में औसतन 29 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। बारिश का असर सोनीपत अनाज मंडी में भी देखने को मिला। यहां करीब 10 हजार क्विंटल धान भीगने के कारण उसकी बोली नहीं लग सकी। पीआर धान की खरीद नहीं होने से परेशान किसान मंडी सचिव कार्यालय के मुख्य गेट के सामने धरने पर बैठ गए। किसानों ने आरोप लगाया कि वे एक सप्ताह से धान की खरीद शुरू होने का इंतजार कर रहे हैं। अधिकारियों की ओर से बार-बार खरीद शुरू करवाने और धान का उठान कराने का आश्वासन दिया गया, लेकिन समय पर व्यवस्था नहीं होने के कारण उनकी फसल बारिश में भीग गई। किसानों का कहना है कि यदि समय पर खरीद और उठान हो जाता तो उन्हें नुकसान नहीं उठाना पड़ता।बारिश के बाद धूप निकलने पर मंडी में धान सुखाने का काम शुरू किया गया। शेड के नीचे रखे और तिरपाल से ढके धान की खरीद भी हुई। सोमवार को मंडी में करीब 15 हजार क्विंटल धान की बोली लगी। किसानों के लिए राहत की बात यह रही कि धान के भाव में बड़ी गिरावट नहीं आई। 1509 किस्म का धान 3900 रुपये प्रति क्विंटल तक और हाथ से काटा गया धान 4300 रुपये प्रति क्विंटल तक बिका। मार्केट कमेटी के सचिव जितेंद्र कुमार ने बताया कि पीआर धान उत्पादक किसान बारदाने की समस्या लेकर आए थे। इस संबंध में हैफेड के जिला प्रबंधक से बातचीत कर किसानों को बारदाना उपलब्ध करवाया गया है।

- किसानों का आरोप, खरीद न होने के कारण धान की फसल भीगी

जलभराव से बढ़ी परेशानी

रातभर हुई बारिश के कारण शहर की कई कॉलोनियों और प्रमुख सड़कों पर जलभराव हो गया। सारंग रोड अंडरपास और शनि मंदिर अंडरपास के नीचे सोमवार दोपहर तक पानी जमा रहा। इससे वाहन चालकों और राहगीरों को आवागमन में परेशानी हुई। शनि मंदिर अंडरपास में दूषित पानी जमा रहने से नंदी चौक से छोटूराम चौक तक और शनि मंदिर से पुरखास रोड तक जाम की स्थिति बनी रही। सड़क सुरक्षा संगठन के जिला संयोजक संदीप बत्रा ने आरोप लगाया कि नालों की नियमित सफाई नहीं होने के कारण बारिश के बाद सड़कों पर जलभराव हो जाता है।

तेज हवाओं के कारण खेतों में फसलें बिछी



मानसून की विदाई के बाद मौसम शुष्क रहने से किसान धान, बाजरा, ज्वार और कपास सहित खरीफ की विभिन्न फसलों की कटाई में जुटे थे। ऐसे में बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। खेतों में तेज हवाओं के कारण फसलें बिछ गईं, वहीं अनाज मंडियों में बिक्री के लिए पहुंचा धान भी भीग गया। इससे किसानों को आर्थिक नुकसान होने की आशंका है।

16 तक परिवर्तनशील रहेगा मौसम

मौसम विशेषज्ञ प्रो. चंद्रमोहन ने बताया कि उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने के कारण मौसम में बदलाव हो रहा है। 14 अक्तूबर को एक और पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना है। इसके चलते 16 अक्तूबर तक दिल्ली-एनसीआर में मौसम परिवर्तनशील बना रह सकता है। तापमान में गिरावट आने से सुबह और शाम ठंड बढ़ने के आसार हैं।

टीडीआई सिटी में घर से 80 लाख के जेवर चोरी

सोनीपत। कुंडली स्थित टीडीआई सिटी में एक परिवार के घर से करीब 80 लाख रुपये के सोने के आभूषण चोरी होने का मामला सामने आया है। परिवार के मुखिया सुरेंद्र ने अपनी पुत्रवधू और उसकी मां पर चोरी का संदेह जताते हुए पुलिस से जांच की मांग की है। शिकायत के आधार पर कुंडली थाना पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।



- परिवार के मुखिया ने पुत्रवधू और उसकी मां पर संदेह, पुलिस को दी शिकायत

सुरेंद्र के अनुसार, उनकी पत्नी ने छह सितंबर को घर से जेवर गायब होने की शिकायत पुलिस को दी थी। इसके बाद परिवार ने अपने स्तर पर भी जांच की। घर में जबरन प्रवेश के निशान नहीं मिले और जेवर रखने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले बैग व डिब्बे भी अपनी जगह पर मिले। कमरे से अन्य कोई सामान चोरी नहीं हुआ था। शिकायतकर्ता ने बताया कि मई में उनकी पुत्रवधू के संबंध में दो ऋण वसूली एजेंट घर आए थे। इसके बाद परिवार को उसकी गतिविधियों पर संदेह हुआ। सुरेंद्र ने 23 सितंबर को पुलिस को दोबारा शिकायत देकर मामले की जांच की मांग की। शिकायत में सुरेंद्र ने आरोप लगाया कि 25 सितंबर को उनकी पुत्रवधू ने जेवर चोरी करने की बात स्वीकार की थी। उनके अनुसार, पुत्रवधू ने परिवार के अलग-अलग सदस्यों के आभूषण लेने की बात बताई। कुछ जेवरों के बदले मुथूट फाइनेंस से सोने पर ऋण लेने और बाद में उसे चुकाने का आरोप भी लगाया गया है। शेष आभूषण कथित तौर पर सोना खरीदने वाले कारोबारियों को उनकी कीमत के करीब 25 प्रतिशत पर बेचने की बात शिकायत में कही गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

अचानक ब्रेक लगाने से हुआ हादसा, कंटेनर चालक गिरफ्तार

कंटेनर की टक्कर से बोलेरो चालक की मौत, एक घायल

सोनीपत। मेरठ से बोलेरो गाड़ी में बिजली का सामान लेकर पंजाब जा रहे दिल्ली के मोती नगर निवासी मोहम्मद की सड़क हादसे में मौत हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया।

हादसा उस समय हुआ, जब आगे चल रहे कंटेनर के अचानक ब्रेक लगाने से बोलेरो की उससे टक्कर हो गई। पुलिस ने कंटेनर को कब्जे में लेकर चालक को गिरफ्तार कर लिया है। पोस्टमार्टम के बाद मृतक का शव परिजनों को सौंप दिया गया। जानकारी के अनुसार, मोहम्मद मेरठ के औद्योगिक क्षेत्र से बोलेरो में बिजली का सामान लोड करके पंजाब जा रहा था। रास्ते में आगे चल रहे तेज रफ्तार कंटेनर चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए। इससे बोलेरो चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और दोनों वाहनों के बीच जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में मोहम्मद की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया।



- मेरठ से बिजली का सामान लेकर पंजाब जा रहा था दिल्ली निवासी मोहम्मद

सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने मृतक की पहचान के बाद परिजनों को सूचना दी। इसके बाद शव को सोनीपत के नागरिक अस्पताल पहुंचाया गया, जहां पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने पर परिजनों को सौंप दिया गया।

हल्दाना बॉर्डर पर कार की टक्कर में पुलिस कर्मचारी का पैर टूटा

गन्नौर। पानीपत-दिल्ली जीटी रोड पर हल्दाना बॉर्डर के पास नाके पर ड्यूटी कर रहे हरियाणा पुलिस के एक सहायक उपनिरीक्षक (ईएएसआई) को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। हादसे में पुलिसकर्मी नरेंद्र कुमार के दाहिने पैर की हड्डी टूट गई। घायल को सोनीपत के ट्यूलिप अस्पताल में भर्ती कराया गया। गन्नौर थाना पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में नरेंद्र कुमार ने बताया कि वह मूल रूप से गांव पोलंगी, जिला रोहतक के निवासी हैं और वर्तमान में पुलिस लाइन सोनीपत में रहते हैं। वह हरियाणा पुलिस में ईएएसआई के पद पर जिला सोनीपत में तैनात हैं। 9 अक्टूबर को उनकी ड्यूटी कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए हल्दाना बॉर्डर पर लगाई गई थी। शिकायत में बताया कि वह नाके पर बैरिकेड के पास खड़े थे। इसी दौरान पानीपत की तरफ से सफेद रंग की एक कार तेज गति से आई और बैरिकेड और नरेंद्र कुमार को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह सड़क पर गिर गए, जिससे उनका पैर टूट गया।

- सहायक उपनिरीक्षक की शिकायत पर केस दर्ज

मुआवजा नीति में बदलाव की मांग कर रहे 34 किसान हिरासत में लिए

सोनीपत। पावरग्रिड की भूमि के मूल्यांकन और मुआवजा नीति में बदलाव की मांग को लेकर गुहणा धरना स्थल पर बैठे छह गांवों के 34 किसानों को पुलिस ने हिरासत में लेकर मोहाना थाने पहुंचा दिया। किसानों को शाम करीब सात बजे छोड़ दिया गया। किसानों ने कार्रवाई पर नाराजगी जताते हुए कहा कि वे 7 जून से शांतिपूर्वक धरना देकर अपनी मांग उठा रहे थे। इसके बावजूद समाधान करने के बजाय उन्हें हिरासत में लिया गया। किसान युद्धविंद्र और संदीप के अनुसार, मांगों को लेकर अभिमन्यु कोहाड़ ने पांच दिन तक अनशन किया था। इसके बाद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ प्रभावित किसानों की बैठक हुई थी। किसानों का दावा है कि बैठक में तीन-चार दिन के भीतर समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन मांगों पर अंतिम निर्णय नहीं होने से धरना जारी रहा। किसानों ने बताया कि कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने उनकी मांगों को जायज बताते हुए मुख्यमंत्री को पत्र लिखा था। वहीं, किसानों ने केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल की ओर से भी भूमि के उचित मूल्यांकन और मुआवजे के संबंध में सहमति दिए जाने का दावा किया था।

- गुहणा धरना स्थल से किसानों को मोहाना थाने ले गई पुलिस शाम सात बजे छोड़ा

एसडीएम ऑफिस की ऑनलाइन सेवाएं भी प्रभावित हुईं

इंटरनेट केबल कटने से तहसील में कामकाज ठप

■ जमीन की रजिस्ट्री और राजस्व विभाग से संबंधित कामकाज अटके



गन्नौर। तहसील में इंटरनेट बहाल होने का इंतजार करते लोग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ गन्नौर

रेलवे रोड पर गहरी सीवर लाइन दबाने के कार्य के दौरान इंटरनेट की तार कटने से गन्नौर तहसील और एसडीएम कार्यालय में दिनभर कामकाज प्रभावित रहा। इंटरनेट सेवाएं बंद होने के कारण सरकारी कार्यालयों में अपने जरूरी काम करवाने पहुंचे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। कई लोग घंटों इंतजार करने के बाद बिना काम करवाए ही वापस लौटने को मजबूर हो गए। वहीं, कार्यालयों में बैठे कंप्यूटर ऑपरेटर भी इंटरनेट सेवा बहाल होने का इंतजार करते रहे, लेकिन शाम तक सेवाएं सुचारु नहीं हो पाईं। ज्ञात रहे कि रेलवे रोड पर गहरी सीवर लाइन बिछाने का कार्य चल रहा है। इसी दौरान इंटरनेट की केबल क्षतिग्रस्त हो गई, जिससे तहसील और एसडीएम कार्यालय की ऑनलाइन सेवाएं प्रभावित हुईं। इंटरनेट बंद होने के कारण ऑनलाइन पोर्टल पर किए जाने वाले कार्यों को पूरा करने में कर्मचारियों को परेशानी आई। तहसील में काम के लिए आए अनिल, सुभाष, महेंद्र, रणबीर ने बताया कि वे जमीन की रजिस्ट्री, इंतकाल, जमाबंदी की नकल, भूमि रिकॉर्ड की जानकारी और अन्य राजस्व संबंधी कार्यों के लिए आए हैं। इनमें से कई कार्यों में ऑनलाइन रिकॉर्ड और डिजिटल पोर्टल की जरूरत होती है। इंटरनेट सेवाएं बाधित होने से इनसे संबंधित कामकाज प्रभावित हुआ।

सीवर लाइन दबाने के दौरान तार कट गए

गन्नौर के एसडीएम ने प्रवेश कादियान ने बताया कि इंटरनेट रेलवे रोड पर सीवर लाइन दबाने के कारण केबल कट गई थी। सोमवार को कार्यालय में आए तो पता चला । इसके बाद संबंधित विभाग को चालू करने के लिए निर्देश दिए हैं ताकि लोगों को परेशानी न हो।

खेत में कीटनाशक का छिड़काव कर रहे प्रवेश आंतिल को छह-सात नकाबपोशों ने हथौड़े व लोहे की पाइप से पीटा

खेवड़ा में 17 लाख रुपये वापस मांगने पर किसान पर हमला, दोनों पैर तोड़े

सोनीपत। गांव खेवड़ा में उधार दिए 17 लाख रुपये वापस मांगने पर एक किसान पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि खेत में काम कर रहे प्रवेश आंतिल पर छह-सात नकाबपोशों ने हथौड़े, लोहे की पाइप और डंडों से हमला कर दिया। हमलावरों ने किसान के दोनों पैर तोड़ दिए और उसे मरा हुआ समझकर बिजली के तारों पर फेंककर फरार हो गए। प्रवेश आंतिल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वर्ष 2023 में उन्होंने अपने भाई संजू से 17 लाख रुपये लेकर गांव के मोहित को कारोबार के लिए उधार दिए थे। आरोप है कि कई बार रुपये वापस मांगने के बावजूद मोहित ने रकम नहीं लौटाई। प्रवेश के अनुसार, जब उन्होंने दोबारा रुपये मांगे तो मोहित ने मुकदमों का हवाला देते हुए पैसे भूल जाने की बात कही। प्रवेश ने बताया कि 6 अक्तूबर की शाम वह बानिया वाले खेत में कीटनाशक का छिड़काव कर रहे थे। काम पूरा करने के बाद वह खेत में बने कमरे का दरवाजा बंद कर रहे थे। इसी दौरान छह-सात नकाबपोश हमलावरों ने उन पर हमला कर दिया। आरोप है कि दो हमलावरों ने उनके पैर पकड़ लिए, जबकि एक उनकी पीठ पर बैठ गया। अन्य हमलावरों ने हथौड़े, लोहे की पाइप और डंडों से उनके पैरों, कमर और हाथों पर वार किए।

भाई को देखकर हमलावरों ने उसके पीछे भी दौड़ लगाई

प्रवेश के अनुसार, शोर सुनकर उनका भाई संजू मौके पर पहुंचा तो हमलावर उसके पीछे भी दौड़े। इसके बाद आरोपियों ने प्रवेश को बिजली के तारों पर फेंक दिया और जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। उस समय बिजली आपूर्ति बंद होने के कारण प्रवेश की जान बच गई। शिकायतकर्ता ने हमलावरों में से एक की पहचान करने का भी दावा किया है। उन्होंने अपने पांच हजार रुपये गायब होने की शिकायत भी पुलिस को दी है। बहालगढ़ थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपों की जांच कर रही है।

लिवान में युवक की मौत के मामले में आठवां आरोपी काबू, रिमांड पर

सोनीपत। राई थाना क्षेत्र में दो पक्षों के बीच हुए झगड़े में युवक की मौत के मामले में पुलिस ने आठवें आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान गांव लिवान निवासी विवेक उर्फ विक्की के रूप में हुई है। पुलिस ने उसे अदालत में पेश किया, जहां से उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस के अनुसार, 10 सितंबर को एक महिला ने शिकायत दी थी कि 9 सितंबर की रात उसके जेठ के बेटे रविंद्र का कैलाश नाम के युवक के साथ झगड़ा हुआ था। रात करीब 10 बजे रविंद्र अपनी कंपनी के बाहर आया तो कैलाश और उसके साथियों ने उसके साथ मारपीट की। इसके बाद रात करीब साढ़े 10 बजे आरोपित चार मोटरसाइकिलों पर सवार होकर लाठी-डंडे लेकर महिला की बिल्डिंग में घुस गए और रविंद्र को तलाशते हुए परिजनों से झगड़ने लगे। इस दौरान महिला के पति हरी के सिर में चोट लग गई। अस्पताल ले जाने पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस इस मामले में पहले ही सात आरोपितों सागर, आशीष, लक्की, विक्रम, कुलदीप, कैलाश और प्रमोद उर्फ अमन को गिरफ्तार कर चुकी है। अब विवेक उर्फ विक्की की गिरफ्तारी के बाद पुलिस अन्य पहलुओं की जांच कर रही है।

विजयदशमी शोभायात्रा की तैयारियों में शामिल हुए विधायक निखिल मदान

दिव्य हनुमान स्वरूप महाराज का आशीर्वाद लेने उमड़े शहरवासी

हनुमान मंदिर नंदवानी नगर, दुर्गा मंदिर मोहल्ला कलां व अन्य जगह उत्सव का माहौल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत



विधायक निखिल मदान ने विजयदशमी पर्व के उपलक्ष्य में शहर के विभिन्न धार्मिक स्थलों पर शोभायात्रा से पहले आयोजित रिहर्सल कार्यक्रमों में भाग लिया। उन्होंने भगवान के चरणों में शीश नवाकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस दौरान उन्होंने हनुमान मंदिर नंदवानी नगर, दुर्गा मंदिर मोहल्ला कलां और श्री राधा कृष्ण मंदिर मोहल्ला कलां में पहुंचकर श्रद्धालुओं व आयोजकों का उत्साह बढ़ाया। उन्होंने दिव्य हनुमान स्वरूप महाराज का आशीर्वाद लिया और धार्मिक कार्यक्रमों की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं।

समाज में प्रेम, सद्भाव व भाईचारे को मजबूत करने का आह्वान

निखिल मदान ने कहा कि विजयदशमी बुराई पर अच्छाई, असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक है। यह पर्व भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपनाने और समाज में प्रेम, सद्भाव व भाईचारे को मजबूत करने की प्रेरणा देता है। धार्मिक आयोजन हमारी सांस्कृतिक परंपराओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का माध्यम हैं। उन्होंने आयोजकों, सेवादारों और श्रद्धालुओं को शोभायात्रा के सफल, शांतिपूर्ण और भव्य आयोजन की शुभकामनाएं दीं। श्री सेवा समिति महावीर दल की ओर से हनुमान मंदिर नंदवानी नगर में रिहर्सल आयोजित की गई, जबकि श्री पवन पुत्र सेवा समिति ने दुर्गा मंदिर मोहल्ला कलां में कार्यक्रम किया।

छत्तीसगढ़, दिल्ली, हरियाणा और मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

haribhoomi.com

रोहतक, मंगलवार
13 अक्टूबर 2026

10

हरिभूमि

नवरात्र विशेष

सहेली



मांगें मन की शक्ति संग जीवन संवारने का आशीष

आत्मशक्ति के आह्वान का, चेतना को जाग्रत करने का पर्व नवरात्र आरंभ हो चुका है। इन दिनों का भव्य, दिव्य परिवेश न केवल हमें मां शक्तिस्वरूपा का सान्निध्य पाने का अवसर देता है, अपने जीवन को नई ऊर्जा से भरने के लिए भी प्रेरित करता है। आइए इन नवरात्रों में हम सब मां भगवती से आत्मशक्ति के जागरण के साथ अपने जीवन को संवारने का भी आशीष मांगें। ताकि घर-परिवार से लेकर समाज में सकारात्मकता का संचार हो।

आवरण कथा

डॉ. मोनिका शर्मा

बीते दो दिन से हर ओर मां आदिशक्ति के जयकारे गूंज रहे हैं। मातृशक्ति के समक्ष पूरा समाज नतमस्तक है। बहुत से घरों में घट स्थापना के बाद नियमित पूजन-अर्चन हो रहा है। कहीं गरबा का उल्लास तो कहीं किसी एक कोने में भक्तिभाव से मां की प्रार्थना में रत मन। शक्ति को साधने का उत्सव कहे जाने वाले नवरात्र पर्व की छटा आम जीवन में ही नहीं, आत्मा में भी उतरती है। हर कोई अपनी ऊर्जा का समर्पण कर मां दुर्गा से यह आह्वान करता दिखता है कि शक्ति स्वरूपा नई शक्ति और सोच का संचार करें। घर-परिवार ही नहीं, समग्र संसार में सुख-शांति बनी रहे। मां का आशीर्वाद जिंदगी को सही दिशा में गतिमान रखे। भगवती का आशीष, सोच-समझ में सकारात्मकता के रंग भर दे। असल में बच्चे हों या बड़े, ऊर्जा और अनुभूतियों का यही भाव जीवन से जोड़ता है। समझना जरूरी है कि इस सहजता और सकारात्मकता के साथ ही मां दुर्गा की आराधना ममता, क्षमा, स्वाभिमान और न्याय का भाव भी लिए है। तभी तो उपासना के ये नौ दिन, परंपरागत रंगों के साथ ही मानवीय सोच और मन को मजबूत बनाने का सुंदर अवसर भी हैं। शक्ति स्वरूपा भगवती, जीवन के हर पहलू को संवारने का विचार जगाने वाली हैं। हर बुराई का प्रतिकार करने की हिम्मत देने वाली हैं। स्त्रियों के मन-जीवन से ऐसे भाव गहराई से जुड़े होते हैं। महाशक्ति देवी भगवती की उपासना कर, हर स्त्री अपने सामर्थ्य को पहचानने का आशीष मांगे। अपने जीवन के रण में स्वयं शक्ति स्वरूपा बनें।



मन की शक्ति को समझिए

नवरात्र का महापर्व आस्था और विश्वास के जरिए अपनी ही असीम शक्तियों से हमारा परिचय पाने का समय होता है। ये नौ दिन मन-जीवन को नया-सा कर जाते हैं। ऐसे में मां का आह्वान कर हर स्त्री जीवन की परिस्थितियों से जूझने का साहस और संबल जुटा सकती है। मां अंबे की साधना करते हुए उनके शक्तिस्वरूपा और जाग्रत रूप को अपने भीतर सहेजते हुए बेहतरी की ओर बढ़ने का प्रण ले सकती हैं। मन और मस्तिष्क के लिए नई ऊर्जा उपार्जित कर सकती हैं। उम्र के हर मोड़ पर महिलाएं कई मोर्चों पर एक साथ जूझती हैं। आर्थिक संकट से लेकर अपनों की संभाल-देखभाल तक, फिक्र के फेर में फंसी रहती हैं। भारतीय परिवेश में तो महिलाएं हौसले और हिम्मत से हर संकट का सामना करते हुए आगे बढ़ी हैं और बढ़ रही हैं। माना भी जाता है कि स्त्री हर संकट से जूझने का हौसला जुटा ही लेती है। यह अवसर इस शक्ति को और निखारने का अवसर होता है, क्योंकि नारी की प्रखरता और शक्ति सामर्थ्य का नाम ही मां दुर्गा है। नौ दिनों का आध्यात्मिक और पारंपरिक पर्व हर स्त्री को समझाता है कि प्रकृति ने उसे सहज-सरल ही नहीं बनाया, जरूरत पड़ने पर हर मुसीबत से लड़ जाने का माद्दा भी दिया है। मां भगवती का पूजन-अर्चन अपने सामर्थ्य को सहेजने और मुसीबतों के आगे मोर्चा संभालने की शक्ति का आह्वान करना ही तो है। इन नौ दिनों में मां का वंदन करते हुए अपने भीतर की इस शक्ति को पहचानने का प्रयास भी हर स्त्री अवश्य करे।

सजग-जागरूक बनिए

मां दुर्गा का रूप भारतीय स्त्री के आत्मविश्वास से दमकते मुखमंडल का प्रतीक है। मातृ-शक्ति के रूप में पोषक और चेतनामयी रूप में सजगता और जागरूकता का प्रतिबिंब। स्त्री जीवन में हर मोर्चे पर सजगता और जागरूकता अहम है। असल में देखा जाए, तो महिलाओं में जिंदगी के हर पहलू को लेकर चेतना संपन्न सोच होनी ही चाहिए। अधिकारों के लिए जागरूकता और सुरक्षित जीवन के लिए सजगता आवश्यक है। भारत ही नहीं, संसार के हर हिस्से में सशक्त बनने और बने रहने की एक जरूरी शर्त जागरूक और सजग रहना ही है। हर जगह नियम-कानूनों की जानकारी रखना ही, तो सुरक्षा और सम्मान के हालात बनाता है। इतना ही नहीं जिंदगी से जुड़ी दूसरी रूढ़ियों को लेकर मुखरता और संकीर्ण विचारों का विरोध करने का धरातल भी सही जानकारी ही बनाती है। आप गृहिणी हों या काम-काजी, हर महिला के लिए किसी सार्थक और सकारात्मक पहल का हिस्सा बनने या अपने जीवन को बेहतर बनाने का पहला पड़ाव जागरूक रहना ही है। नवरात्र में मां दुर्गा से भी अपनी चेतना को पोषित करने का आशीष मांगा जाता है। शक्ति उपासना के इस पर्व पर हर स्त्री अपने अंतर्मन की शक्ति को साधने और जागरूक रहने का बल जुटाए। एक चेतना से संपन्न स्त्री ही सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक



सरोकारों के प्रति जागरूक हो सकती है। समाज में फैली कुप्रथाओं के विरुद्ध लड़ने का संबल जुटा सकती है। यह अपने सामर्थ्य को पहचानने की दिशा में सबसे पहला कदम है।

साथ-स्नेह के मायने समझिए

आदि शक्ति की उपासना का पर्व नवरात्र, महिलाओं के मन और जीवन में झलकती नई ऊर्जा, नई चेतना को भी प्रतिबिंबित करता है। इस चेतनामयी बल के दम पर स्त्रियां आत्मविश्वासी और मुखर बनकर ना केवल हर मुसीबत से जूझ सकती हैं बल्कि औरों का सहारा भी बन सकती हैं। स्वयं मां दुर्गा ने भी कई बार देवताओं के कष्ट हरे हैं। शक्ति पूजा के बाद श्रीराम को जीत का आशीष भी आदिशक्ति ने ही दिया था। स्त्रियां भी साझी सोच के साथ हर संकट का मुकाबला कर सकती हैं। एक दूजे का संबल बन सकती हैं। इसीलिए किसी की पीड़ा भी बांटें और संबल भी दें। परेशानी के दौर में किसी का साथ दें और कामयाबी के समय सराहना भी करें। अपने सपनों को पूरा करने के हौसले के साथ ही दूसरों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करने का मानस भी जरूरी है। अपनी नेतृत्व क्षमता और योग्यता पर भरोसा रखते हुए आगे बढ़ती जाएं। सशक्त होने का अर्थ यही है कि हम खुद को मजबूती से थामते हुए दूसरों को कुछ देना भी सीखें। स्त्री मां के रूप में मात्र जीवन नहीं देती है, अपने बच्चों को मनुष्यता का पाठ पढ़ाकर समाज को जिम्मेदार नागरिक भी देती है। वो स्वयं को कभी कम ना आंके। शक्ति के उपार्जन का यह पर्व मातृ-शक्ति की उपासना को सर्वोच्च दर्जा देता है। यूं भी भारतीय संस्कृति में मातृ-शक्ति को प्राणशक्ति माना गया है और उसका स्थान सबसे ऊपर है। इसीलिए इस पर्व पर हर महिला खुद सृजन शक्ति के सही अर्थ को समझे। अपने उस सामर्थ्य को पहचाने, जो उसे प्रकृति ने दिया है। स्त्रियां इसी सामर्थ्य के बल पर साथ-संबल का परिवेश बना सकती हैं। ईर्ष्या, स्पर्धा और असुरक्षा की भावना से दूर अपनी और दूसरी स्त्रियों की बेहतरी के लिए प्रयास करने का आशीष मांगना ही सही मायने में मां शक्ति के वंदन करने का भाव है।

पर्व एक बहुत बड़ा अवसर होते हैं, अपनी संस्कृति-परंपरा से जुड़ने का। बच्चों को नवरात्र से जुड़े विधि-विधान बताएं और उन्हें अपनी परंपरा-संस्कृति से जोड़ें। इसके लिए आप कुछ बातों पर ध्यान दें।

नवरात्र में बच्चों को जोड़ें अपनी संस्कृति-परंपरा से

बच्चे और आप

निकिता चौहान



नवरात्र आरंभ चुके हैं। लोग बड़ी आस्था के साथ मां दुर्गा की पूजा-पाठ में व्यस्त हैं। भजन-कीर्तन चल रहे हैं। जगह-जगह माता की चौकी सजी हुई है। वहीं दूसरी तरफ गरबा-डांडिया भी आरंभ हो रहे हैं। बड़े-छोटे सभी इस उत्सवी माहौल में उमंगित हैं। इसमें कोई दो मत नहीं कि पर्व बच्चों को अपनी संस्कृति-परंपराओं से जोड़ने का एक अच्छा अवसर होते हैं। बच्चे सिर्फ पूजा के समय साथ बैठाने से अपनी संस्कृति-परंपराओं से परिचित नहीं हो सकते। उन्हें पूजा की तैयारी, भजन, प्रसाद और नवरात्र से जुड़ी अन्य गतिविधियों में सम्मिलित करना जरूरी है। इससे वे त्योहार का मतलब सही ढंग से समझेंगे, खुशी के साथ नवरात्र पर्व का हिस्सा बनेंगे।

पूजा की तैयारी में दें छोटी जिम्मेदारियां: बच्चों को नवरात्र पूजा की तैयारी में अवश्य शामिल करें। छोटे बच्चे, फूल सजाने और पूजा की थाली लगाने में मदद कर सकते हैं। बड़े बच्चे रंगोली बना सकते हैं या पूजा की जगह सजाने में सहायता कर सकते हैं। इससे उनके भीतर मां दुर्गा के प्रति आस्था और भक्ति के भाव जागेंगे।



नौ दिन-नौ कहानियां: बच्चों को हर दिन मां के एक स्वरूप की कहानी अवश्य सुनाएं। कहानी के साथ उससे मिलने वाली सीख भी बताएं, जैसे किसी दिन माता के साहस की बात करें, तो किसी दिन दया-करुणा और धैर्य की। इस तरह बच्चे मां की कथाओं से प्रेरणा लेंगे।

बच्चों के सवालों का जवाब दें: बच्चे बहुत ही जिज्ञासु होते हैं। वे पूछते हैं कि नवरात्र नौ दिन क्यों मनाई जाती है? कन्या पूजन क्यों होता है? मां के अलग-अलग स्वरूप क्यों हैं? बच्चों के सवालों को कभी टालें नहीं। उन्हें आसान भाषा में जवाब दें। जब बच्चों को किसी परंपरा की वजह समझ आती है, तो वे उसे आसानी से अपना पाते हैं।

प्रसाद बनाने में मदद लें: नवरात्र पूजन का प्रसाद और फलाहार बनाते समय बच्चों को भी साथ रखें। वे फल काटने, मेवा रखने या प्रसाद की प्लेट लगाने में मदद कर सकते हैं। इस दौरान उन्हें यह भी बताएं कि नवरात्र में अलग-अलग जगहों पर कौन-कौन से पारंपरिक पकवान बनाए जाते हैं।

गरबा-डांडिया में हो बच्चों की भागीदारी: बच्चों को नवरात्र की पूजा और परंपराओं से जोड़ने के साथ ही गरबा और डांडिया के बारे में भी बताएं। उन्हें इन कार्यक्रमों में ले जाएं, इनका हिस्सा बनाएं। इससे वे गरबा और डांडिया की संस्कृति का महत्व समझेंगे।

कन्या पूजन का मतलब बताएं: अष्टमी या नवमी पर कन्या पूजन के दौरान बच्चों को जरूर साथ में रखें। कन्याओं के स्वागत, भोजन और प्रसाद की तैयारी में उनकी मदद लें। उन्हें समझाएं कि कन्याओं का सम्मान जरूरी है। सम्मान सिर्फ त्योहार के दिन नहीं, बल्कि साल के प्रत्येक दिन होना चाहिए।

बच्चों को दें उनकी पसंद का काम: बच्चों को पूजा और परंपराओं से जोड़ते समय इस बात का ध्यान रखें कि उन्हें उनकी नापसंद का काम ना सौंपे, उन्हें उनकी पसंद के काम में शामिल करें। किसी को सजावट करना पसंद है, तो उसे सजावट करने दें और प्रसाद बांटना पसंद है, तो उसे यह जिम्मेदारी दें।

बड़े प्रयास की जरूरत नहीं: बच्चों को परंपराओं से जोड़ने के लिए बड़े प्रयास की जरूरत नहीं है। उन्हें बस त्योहार का हिस्सा बनाना है। जब बच्चे पूजा की थाली सजाएंगे, दादी-नानी से कहानी सुनेंगे, परिवार के साथ गरबा करेंगे और प्रसाद बांटेंगे, तो नवरात्र उनके लिए परिवार के साथ बिताया एक यादगार समय बन जाएगा। वे अपनी परंपरा-संस्कृति से जुड़ेंगे।

डाइट सजेशन

डॉ. आस्था शर्मा
सीनियर डाइटीशियन

नवरात्र में कई महिलाएं नौ दिनों का व्रत रखती हैं। लेकिन व्रत पूरे करने के बाद डाइट में अचानक बदलाव करने से पाचन तंत्र पर असर पड़ सकता है। ऐसे में धीर-धीरे नॉर्मल डाइट में वापसी करनी चाहिए। इस बारे में यूजफुल सजेशंस।

व्रत के बाद न बरतें लापरवाही ऐसे करें नॉर्मल डाइट में वापसी



नवरात्र व्रत के दौरान कई महिलाएं नौ दिनों तक फलाहार या सीमित आहार का पालन करती हैं। इन दिनों आप भी ऐसा कर रही होंगी। लेकिन व्रत खत्म होने के बाद अचानक भारी, तला-भुना और ज्यादा मीठा खाना शुरू कर देना, शरीर के लिए परेशानी खड़ी कर सकता है। इससे गैस, पेट फूलना, कब्ज, एसिडिटी, थकान और ब्लड शुगर में उतार-चढ़ाव जैसी समस्याएं हो सकती हैं। ऐसे में व्रत के बाद शरीर को किसी 'क्रैश डिटॉक्स' की नहीं, बल्कि संतुलित और धीरे-धीरे सामान्य डाइट में लौटने की जरूरत होती है। व्रत के बाद शरीर को डिटॉक्स करने के नाम पर जूस डाइट, केवल फल खाने या लंबे समय तक खाना छोड़ने की जरूरत नहीं है। व्रत के बाद सबसे जरूरी है कि हम शरीर को पर्याप्त पानी, प्रोटीन, फाइबर और माइक्रोन्यूट्रिएंट्स दें और सामान्य डाइट में धीरे-धीरे वापस आएं।

व्रत के बाद डाइट प्लानिंग: व्रत खोलने के तुरंत बाद बहुत ज्यादा खाना खाने से बचें। शुरुआत हल्के और आसानी से पचने वाले भोजन से करें। खिचड़ी, दही, चावल, मूंग दाल, सब्जियां, सूप या हल्का घर का बना भोजन बेहतर विकल्प हो सकते हैं। अगले कुछ दिनों में सामान्य संतुलित डाइट को धीरे-धीरे अपने रूटीन में शामिल किया जा सकता है।



लें प्रोटीन रिच डाइट: अगर व्रत के दौरान प्रोटीन का सेवन कम रहा है, तो व्रत के बाद इसकी भरपाई करना जरूरी है। डाइट में दाल, पनीर, दही, दूध, सोया, चना और अन्य प्रोटीन स्रोत शामिल करें। पर्याप्त प्रोटीन शरीर की मांसपेशियों को बनाए रखने और लंबे समय तक पेट भरा रखने में मदद करता है।

पानी और फाइबर बढ़ाएं: व्रत के दौरान पानी और फाइबर का सेवन कम होने से कब्ज और पेट फूलने की समस्या हो सकती है। दिनभर पर्याप्त पानी पिएं और धीरे-धीरे सलाद, फल, सब्जियां, साबुत अनाज और दालों को डाइट में शामिल करें। फाइबर अचानक बहुत ज्यादा बढ़ाने के बजाय इसकी मात्रा धीरे-धीरे बढ़ाना बेहतर है।

इन फूड्स से बनाएं दूरी: व्रत खत्म होते ही मिठाइयां, तली-भुनी चीजें, नमकीन, प्रोसेस्ड फूड, ज्यादा मसालेदार भोजन और शुगर युक्त ड्रिंक्स का अधिक सेवन न करें। लंबे समय तक कम कैलोरी लेने के बाद अचानक बहुत ज्यादा कैलोरी लेने से पाचन तंत्र पर अतिरिक्त दबाव पड़ सकता है।

सबसे इफेक्टिव है बैलेंस डाइट: व्रत के दौरान कम खाने और व्रत खत्म होने के बाद ज्यादा खाने, दोनों से बचना चाहिए। अपनी मील प्लेट में प्रोटीन, सब्जियां, साबुत अनाज और स्वस्थ वसा का संतुलन रखें। शरीर को सामान्य रुटीन में लौटने के लिए जल्दबाजी न करें। यदि लगातार कमजोरी, चक्कर, उल्टी, गंभीर पेट की समस्या हो या फिर ब्लड शुगर कंट्रोल में नहीं रहता हो, तो डॉक्टर या डायटीशियन की सलाह लेना बेहतर रहेगा।

डिटॉक्स के लिए क्या करें: डिटॉक्स के लिए महंगे डिटॉक्स ड्रिंक्स या सप्लीमेंट्स जरूरी नही हैं। पर्याप्त पानी, संतुलित भोजन, अच्छी नींद और रोजाना शारीरिक गतिविधि ही शरीर को रिकवर करने के लिए पर्याप्त आधार देती है। व्रत के बाद रोजाना 20-30 मिनट की हल्की वॉक से शुरुआत की जा सकती है। यदि आप नियमित व्यायाम करती हैं, तो धीरे-धीरे अपनी सामान्य एक्सरसाइज रुटीन में लौट सकती हैं।


प्रस्तुतिः निशि

मेकअप

निधि गोयल

ऐसे करें मेकअप-मेंटेन रहेगा ग्लो

नवरात्र में गरबा नाइट में घंटों डांस और मस्ती के बीच आपका लुक भी परफेक्ट रहना चाहिए। लेकिन पसीने की वजह से मेकअप जल्दी खराब हो सकता है। ऐसे में जरूरी है कि मेकअप करते समय सही प्रोडक्ट्स अप्लाई करें और कुछ आसान स्टेप्स को भी फॉलो करें। इससे आपका मेकअप लंबे समय तक टिका रहेगा और आप पूरी रात फ्रेश और खूबसूरत नजर आएंगी।



सबसे पहले मॉयश्चराइजर: सबसे पहले त्वचा को साफ करना जरूरी है। इसके लिए माइल्ड फेस वॉश के जरिए चेहरे को अच्छी तरह साफ कर लें। फिर चेहरे को मॉयश्चराइज करें। इससे आपकी त्वचा पर नमी बनी रहेगी, साथ ही मेकअप ज्यादा ड्राय नजर नहीं आएगा। साथ ही मेकअप बेहतर तरीके से हो पाएगा। इसके बाद प्राइमर का इस्तेमाल करें, जिससे मेकअप ज्यादा देर तक टिका रहता है। अगर आपकी स्किन ऑयली है, तो मैटिफाइंग प्राइमर लगाएं, खासकर माथे, नाक और ठुड्डी के आसपास। ड्राय स्किन के लिए हाइड्रेटिंग प्राइमर बेहतर विकल्प हो सकता है।

ज्यादा हैवी बेस लगाने से बचें: अगर आप चाहती हैं कि गरबा करते हुए आपको मेकअप अट्रैक्टिव नजर आए, तो बहुत ज्यादा मेकअप करने से बचें। गरबा में घंटों डांस करना हो, तो चेहरे पर फाउंडेशन की मोटी परत लगाने से बचें। हल्का और लॉन्ग-वेयर बेस चुनें और जहां जरूरत हो, वहीं कंसीलर लगाएं। ज्यादा प्रोडक्ट लगाने पर पसीने के साथ पैची नजर आ सकता है।



वॉटरप्रूफ आई मेकअप: पसीने से आपका मेकअप मेल्ट न हो, इसके लिए आंखों पर वाटरप्रूफ आई मेकअप करें। इससे आपका मेकअप जल्दी से खराब नहीं होगा। बेहतर होगा कि आप वाटरप्रूफ काजल, आईलाइनर और मस्कारा चुनें।

टी-जोन को करें हल्का सेट: मेकअप के बाद ट्रांसलूसेंट या सेटिंग पावडर से खासतौर पर टी-जोन को हल्का सेट करें। इससे एक्सट्रा ऑयल को नियंत्रित करने में मदद मिलती है। ध्यान रखें कि बहुत ज्यादा पावडर लगाने से चेहरा केकी दिख सकता है। इसलिए बहुत ज्यादा पावडर लगाने से बचें।

लॉन्ग-लास्टिंग लिपस्टिक: पसीना आने पर लिपस्टिक भी होंठों पर लंबे समय तक स्टे नहीं कर पाता है, तो ऐसे में जरूरी है कि बार-बार लिपस्टिक के टचअप से बचने के लिए मैट या ट्रांसफर-रेजिस्टेंट लिक्विड लिपस्टिक चुनें। लिपस्टिक लगाने से पहले होंठों को मॉयश्चराइज करें और लिप लाइनर का इस्तेमाल करें।

(ब्यूटीशियन साधना शर्मा से बातचीत पर आधारित)

डेकोरेशन

रजनी अरोड़ा

घर की सजावट हो अलग-आकर्षक

नवरात्र शुरू हो चुके हैं। आप इन दिनों अपने घर को कुछ अलग अंदाज में जरूर सजाना चाहेंगी। हम आपको कुछ ऐसे यूनीक आइडियाज बता रहे हैं, जिनसे आप अपने घर को आकर्षक अंदाज में डेकोरेट कर सकती हैं।







नवरात्र और आने वाले त्योहारों के लिए आप अपने घर को अलग अंदाज में जरूर सजाना चाहेंगी। हर बार वही पुरानी झालरें लगाने के बजाय इस बार घर थोड़ा क्रिएटिव तरीके से सजाइए। थोड़ी-सी मेहनत और कुछ खूबसूरत आइडियाज से घर का कोना-कोना त्योहारों की चमक से जगमगा उठेगा।

नौ रंगों के दुपट्टों से सजाएं दीवार: नवरात्र के नौ रंगों को घर की सजावट में शामिल करना इस बार कुछ अलग और खूबसूरत आइडिया हो सकता है। स्ट्रिंग लाइट्स की जगह नौ अलग-अलग रंगों के दुपट्टे या रंगीन कपड़े दीवार, दरवाजे या पूजा स्थल के पीछे लगाएं। इन्हें अलग-अलग ऊंचाई पर सजाने से दीवार को आकर्षक लुक मिलेगा। यह सजावट गरबा नाइट की तस्वीरों के लिए सुंदर बैकड्रॉप का काम भी करेगी।

गेंदे और आम के पत्तों का तोरण: त्योहारों में फूलों और पत्तों से बनी सजावट हमेशा खास लगती है। घर के मुख्य दरवाजे पर गेंदे के ताजे फूलों और आम के पत्तों से बना तोरण लगाएं। चाहें तो इसमें छोटे शीशे, मोती या रंगीन धागे भी जोड़ सकती हैं। इससे घर के प्रवेश द्वार पर पारंपरिक रंग और फूलों की खुशबू दोनों नजर आएंगे।

रंगोली बने आकर्षण का केंद्र: रंगोली को सिर्फ दरवाजे के पास छोटी-सी सजावट तक सीमित न रखें। इस बार इसे थोड़ा बड़ा बनाकर घर की सजावट का मुख्य आकर्षण बनाएं। रंगीन चावल, फूलों की पंखुड़ियां और दीयों की मदद से ज्यामितीय या फूलों वाले डिजाइन बनाए जा सकते हैं। हर दिन रंगोली का डिजाइन बदलने से सजावट में नयापन बना रहेगा।

मिट्टी के दीयों से रोशन करें घर: नवरात्र की सजावट में मिट्टी के दीयों की खूबसूरती अलग ही नजर आती है। पूजा स्थल, खिड़की, बालकनी या सीढ़ियों पर दीयों की कतार सजाएं। अलग-अलग आकार के दीयों को फूलों की पंखुड़ियों से सजी ट्रे में भी रखा जा सकता है। शाम के समय दीयों की हल्की रोशनी घर को आध्यात्मिक माहौल देती है।

बंधानी-शीशे वाले लटकन: अगर आप बिना ज्यादा खर्च के घर को रंगीन लुक देना चाहती हैं, तो बंधानी कपड़े और शीशे वाले राजस्थानी लटकन इस्तेमाल कर सकती हैं। इन्हें मुख्य दीवार या पूजा स्थल के पीछे सजाएं। दिन की रोशनी पड़ने पर छोटे शीशे चमकेंगे और कमरे में खूबसूरत सी-झिलमिलाहट नजर आएगी। रंग-बिरंगे लटकन भी नवरात्र के माहौल के साथ खूब मैच करते हैं।

सजाएं फूलों की मालाएं: इस बार सिर्फ एक लंबी माला लगाने के बजाय अलग-अलग फूलों की कई मालाओं से सजावट करें। गेंदे, गुलाब, गुलदाउदी जैसे फूलों की मालाओं को दरवाजे, खिड़की, पूजा स्थल या मंदिर के आसपास लगाया जा सकता है। हर दिन अलग रंग के फूलों का चुनाव करें। इससे सजावट में रोज थोड़ा बदलाव भी नजर आएगा और घर में फूलों की खुशबू भी बनी रहेगी।

खबर संक्षेप

नेशनल स्वीमिंग में ईराज ने जीता कांस्य पदक

सोनीपत। सीबीएसई नेशनल स्वीमिंग प्रतियोगिता का आयोजन टेक्नोक्रेटस इंटरनेशनल स्कूल में किया गया। प्राचार्य किरण दलाल ने बताया कि प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों के तैराकों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इसी बीच ब्राइट स्कॉलर स्कूल से ईराज सहरावत ने भी अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। ईराज सहरावत ने प्रतियोगिता के 100 मीटर फ्री स्टाइल वर्ग में कांस्य पदक हासिल कर स्कूल व जिले का नाम रोशन किया। स्कूल पहुंचने पर ईराज का स्टाफ सदस्यों ने स्वागत किया। प्राचार्य किरण दलाल ने विजेता विद्यार्थी को बधाई देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

आईटीआई राजलूगढ़ी में योगाभ्यास कार्यक्रम

गन्नौर। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) राजलूगढ़ी में सेवा संकल्प अभियान के तहत योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉ. दिनेश दत्त के नेतृत्व में आयुष अस्पताल राजलूगढ़ी में कार्यरत योगाचार्य धीरज, नीरज और योगाचार्या पूजा की टीम ने संस्थान के सभी विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों को विभिन्न योगासनों का अभ्यास करवाया। इस दौरान योग के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। योगाचार्यों ने बताया कि नियमित योगाभ्यास से शरीर स्वस्थ रहता है और तनाव कम करने में भी सहायता मिलती है।

डॉ. संजीव अग्रवाल बने उत्तर भारत के ट्रेड कमिश्नर

सोनीपत। डॉ. संजीव अग्रवाल को ब्रिक्स-आसियान चैंबर ऑफ कॉमर्स का उत्तर भारत ट्रेड कमिश्नर बनाया गया है। आयुर्वेद क्षेत्र में पहचान बनाने वाले डॉ. संजीव अग्रवाल अब उत्तर भारत के उद्योगपतियों को विदेशी बाजारों से जोड़ने, आयात-निर्यात बढ़ाने और अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक साझेदारी विकसित करने में सहयोग करेंगे।



डॉ. संजीव अग्रवाल ने बताया कि अगले दो महीने में विदेशी दौरों और व्यापारिक बैठकों की योजना बनाई जाएगी। इनमें विदेशी कारोबारियों के साथ खरीद-बिक्री, व्यापारिक समझौतों और नए बाजारों में भारतीय उत्पादों की पहुंच बढ़ाने पर चर्चा होगी।

'एकता के लिए दौड़' से जगाई राष्ट्रीय एकता

सोनीपत। डीएवी मल्टीपरपज पब्लिक स्कूल की ओर से सोमवार को पुलिस लाइन में 'एकता के लिए दौड़' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रीय एकता, अखंडता, भाईचारे और देशभक्ति की भावना को प्रोत्साहित करना रहा। विद्यार्थियों ने उत्साह और उमंग के साथ दौड़ में भाग लेकर एकजुटता का संदेश दिया। विद्यालय के प्राचार्य एवं आरओ (जोन जी) वीके मित्तल ने राष्ट्रीय एकता के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत की विविधता ही उसकी सबसे बड़ी शक्ति है। देश की प्रगति और समृद्धि के लिए सभी नागरिकों का एकजुट रहना आवश्यक है।

कामी रोड स्थित रामलीला मैदान में मंचन का दूसरा दिन

ताड़का व सुबाहु वध से गूंजे श्रीराम के जयकारें अहिल्या उद्धार प्रसंग देख भावुक हुए लोग



सोनीपत। कामी रोड स्थित रामलीला मैदान में ताड़का वध का मंचन करते कलाकार।

हरिभूमि न्यूजर ▶▶| सोनीपत

श्री रामलीला सभा और श्री ठाकुरद्वारा पंचायती मंदिर सेवा समिति की ओर से कामी रोड स्थित रामलीला मैदान में आयोजित रामलीला मंचन के दूसरे दिन ताड़का वध, सुबाहु वध और अहिल्या उद्धार के प्रसंगों का मंचन किया गया। वृंदावन से आए कलाकारों ने अपने अभिनय से रामायण के प्रसंगों को जीवंत कर दिया। राम-लक्ष्मण सहित चारों भाइयों की शिक्षा-दीक्षा से लेकर जनकपुर प्रवेश तक की कथा भी प्रस्तुत की गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मुख्य संसदीय सचिव अनिल ठक्कर ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता रविप्रकाश और मंच संचालन गजेंद्र सलूजा ने किया। वृंदावन के आचार्य सौरभ द्विवेदी, टीवी फेम स्वामी शिवदयाल शर्मा और स्वामी गिरिराज प्रसाद शर्मा के मार्गदर्शन में कलाकारों ने विश्वामित्र के अयोध्या आगमन, यज्ञ की रक्षा, ताड़का-सुबाहु वध, अहिल्या उद्धार, गंगा स्नान, जनकपुर प्रवेश, नगर दर्शन और पुष्प वाटिका के प्रसंगों का मंचन किया। मंचन में दिखाया गया कि महर्षि विश्वामित्र राजा दशरथ से राम और लक्ष्मण को अपने साथ आश्रम ले जाने का आग्रह करते हैं, ताकि वे राक्षसों से ऋषि-मुनियों के यज्ञ की रक्षा कर सकें। वन में भगवान राम ताड़का का वध करते हैं और इसके बाद सुबाहु का अंत कर विश्वामित्र के यज्ञ को सुरक्षित बनाते हैं।

जनकपुरी जाते समय भगवान राम गौतम ऋषि की पत्नी अहिल्या का उद्धार करते हैं। राम के चरण स्पर्श से अहिल्या को शाप से मुक्ति मिलती है। इसके बाद जनकपुरी में नगर दर्शन और पुष्प वाटिका के प्रसंग प्रस्तुत किए गए। मंचन के दौरान दर्शकों ने तालियां बजाकर कलाकारों का उत्साह बढ़ाया।

ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में रामलीला से जुड़े प्रश्न भी दर्शकों से पूछे गए। इस मौके पर महेंद्र मंगला, राजकुमार गोयल, प्रवीन गोयल, अमित कुच्छल, महेंद्र वर्मा, अमित शौनक, राहुल अग्रवाल और अनिल जैन सहित संस्थाओं के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

दशहरा से पहले रामभक्ति में झूमे युवा

सोनीपत। दशहरा पर्व से पहले सोनीपत में रामभक्ति और हनुमान भक्ति का उत्साह देखने को मिला। राम मंदिर मोहल्ला कोट, कृष्ण मंदिर कृष्णापुर और राधा-कृष्ण मंदिर नंदवानी नगर में हनुमत स्वरूप धारण करने वाले युवाओं ने विशेष श्रृंगार के बाद भगवान श्रीराम और हनुमान जी की धुन पर नृत्य किया। नगर निगम मेयर राजीव जैन ने पहुंचकर हनुमत स्वरूपों का आशीर्वाद लिया और युवाओं के साथ नृत्य कर उत्साह बढ़ाया। मेयर राजीव जैन ने कहा कि हनुमान जी शक्ति, भक्ति, साहस, त्याग, मित्रता और निस्वार्थ सेवा के प्रतीक हैं। उनका जीवन कर्तव्य के प्रति समर्पण और कठिन परिस्थितियों में भी सत्य व धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। सच्ची भक्ति पूजा-पाठ तक सीमित नहीं, बल्कि जरूरतमंदों की सहायता और समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाने में भी दिखाई देती है। उन्होंने कहा कि दशहरा बुराई पर अच्छाई और अधर्म पर धर्म की विजय का संदेश देता है। युवाओं की भागीदारी से धार्मिक परंपराओं को आगे बढ़ाने में मदद मिलती है। इस अवसर पर नकीन मेहरा एडवोकेट, अमित कुमार, श्री ओम, राधे श्याम दिलावर, भीम मेहरा, अशोक शर्मा और सुरेंद्र चुघ सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान हनुमान स्वरूप के साथ मेयर राजीव जैन।

श्रवण कुमार के जीवन चरित्र का किया सजीव मंचन

गोहाना। गीता विद्या मंदिर, गोहाना में नवरात्रि के पावन अवसर पर प्रथम कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा श्रवण कुमार के जीवन पर आधारित प्रेरणादायक नाट्य मंचन प्रस्तुत किया गया। नवरात्रि के दूसरे दिन आयोजित इस कार्यक्रम में नन्हे विद्यार्थियों ने विभिन्न पात्रों का रूप धारण कर अपनी भावपूर्ण प्रस्तुति से उपस्थित सभी लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का मूल उद्देश्य श्रवण कुमार के जीवन एवं उनके आदर्श चरित्र से परिचित कराना तथा उनके जीवन मूल्यों को व्यवहार में उतारने के लिए प्रेरित करना था। नाट्य मंचन के माध्यम से बच्चों ने माता-पिता के प्रति प्रेम, सम्मान, सेवा, आज्ञाकारिता और समर्पण जैसे उच्च आदर्शों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य अश्विनी कुमार ने की। उन्होंने कहा कि श्रवण कुमार का जीवन चरित्र इस बात की प्रेरणा देता है कि माता-पिता की सेवा करना संतान का महत्वपूर्ण कर्तव्य है। विद्यार्थियों की इस प्रस्तुति को भारतीय संस्कृति में निहित पारिवारिक संस्कारों और नैतिक मूल्यों का सजीव रूप बताया।





गोहाना। फिल्म की स्क्रीनिंग के अवसर पर कुलपति प्रो सुदेश व फिल्म निर्देशक रमेश चहल।

बीपीएसएमवी में 'दादा छोटूराम' फिल्म स्क्रीनिंग

गोहाना। भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि) में सोमवार को महान समाज सुधारक एवं किसानों के मसीहा दीनबंधु चौ. छोटूराम के जीवन और विचारों पर आधारित फिल्म 'दादा छोटूराम' की स्क्रीनिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। अध्यक्षता विवि की कुलपति प्रो. सुदेश ने की। फिल्म के निर्देशक रमेश चहल विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को दीनबंधु छोटूराम के प्रेरणादायी जीवन, सामाजिक योगदान और जनकल्याणकारी विचारों से परिचित करवाना रहा। कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि दीनबंधु छोटूराम का जीवन संघर्ष, दूरदर्शिता, सामाजिक न्याय और जनसेवा की प्रेरणादायी मिसाल है। उन्होंने अपने विचारों और कार्यों के माध्यम से समाज के कमजोर वर्गों, किसानों और वंचित लोगों के हितों की आवाज बुलंद की। उनके जीवन से छात्राओं को अन्याय के विरुद्ध खड़े होने, समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझने तथा शिक्षा और सकारात्मक सोच के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में योगदान देने की प्रेरणा मिलती है।

राजकीय कन्या महाविद्यालय में लगाया योग एवं ध्यान शिविर



खरखौदा। सावित्रीबाई फुले राजकीय कन्या महाविद्यालय, खरखौदा में प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार के दिशा-निर्देशन में सोमवार को योग एवं ध्यान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. सुषमा रहीं। शिविर का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में योगी यशपाल आर्य, प्रांत सचिव, आरोग्य भारती, हरियाणा तथा पंकज कुमार, योग चिकित्सक, आयुष विभाग, सोनीपत ने सहभागिता की। उन्होंने विद्यार्थियों को योग एवं ध्यान के महत्व से अवगत कराते हुए नियमित योगाभ्यास को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। विशेषज्ञों ने बताया कि योग एवं ध्यान तनाव को कम करने, एकाग्रता बढ़ाने, शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार करने तथा मानसिक शांति और भावनात्मक संतुलन बनाए रखने में सहायक हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच विकसित करने और अनुशासित दिनचर्या अपनाने का संदेश दिया। महाविद्यालय परिसर में प्रातः 8:30 बजे आयोजित इस शिविर में महाविद्यालय के स्टाफ सदस्यों डॉ. दर्शना, डॉ. सुमित, डॉ. प्रदीप, डॉ. विजयदीप एवं डॉ. ममता ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और योगाभ्यास किया।

मुए थाई टीम चयन ट्रायल में प्रताप स्कूल के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

खरखौदा। भिवानी में 10 व 11 अक्टूबर को आयोजित हरियाणा राज्य मुए थाई टीम चयन ट्रायल में प्रताप स्कूल के खिलाड़ियों ने पांच स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य सहित कुल सात पदक अपने नाम किए। विद्यालय पहुंचने पर द्रोणाचार्य अवॉर्डी एवं स्पोर्ट्स डायरेक्टर ओमप्रकाश दहिया, विद्यालय संस्थापक सतप्रकाश दहिया, प्राचार्या दया दहिया, एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सुबोध दहिया तथा कोच जगमेंदर पंचाल ने खिलाड़ियों का स्वागत किया और उन्हें बधाई दी। प्रतियोगिता में प्रताप स्कूल के खिलाड़ियों ने सीनियर, अंडर-18 और अंडर-16 आयु वर्गों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सीनियर वर्ग में दीपांशु शर्मा ने 63-67 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। अंडर-18 आयु वर्ग में निखिल डबास ने 91 किलोग्राम से अधिक भार वर्ग, युवराज ने 86-91 किलोग्राम, शुभम ने 63.5-67 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किए। इसी वर्ग में लक्ष्य ने 54-57 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक जीता।





जनविरोधी नीतियों के खिलाफ 26 को होगी महापंचायत

- राजलू गढ़ी में किसान-मजदूर सभा को किया संबोधित, महापंचायत में पहुंचने की अपील

हरिभूमि न्यूजर ▶▶| गन्नौर



गन्नौर। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष कामरेड सत्यवान संबोधित करते।

ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन की ओर से 26 अक्टूबर को रोहतक के नांदल भवन में प्रस्तावित महापंचायत की तैयारियों को लेकर गांव राजलू गढ़ी में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष कामरेड सत्यवान ने संबोधित किया। उन्होंने किसान, मजदूर, छात्र, नौजवानों और महिलाओं से सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आवाज उठाने तथा महापंचायत में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की। कामरेड सत्यवान ने कहा कि आज आम जनता महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी समस्याओं का सामना कर रही है। युवाओं के लिए रोजगार प्राप्त करना चुनौती बनता जा रहा है, जबकि गरीब परिवारों के लिए बेहतर शिक्षा और इलाज का खर्च उठाना मुश्किल हो रहा है। उन्होंने किसानों की समस्याओं का जिक्र करते हुए कहा कि धान की फसल बेचने के लिए भी किसानों को परेशानी उठानी पड़ रही है। सभा के दौरान वक्ताओं ने कानून-व्यवस्था, बढ़ते अपराध और महिलाओं के खिलाफ होने वाली घटनाओं पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि इन समस्याओं को लेकर किसान, मजदूर, छात्र, नौजवान और महिलाएं एकजुट होकर अपनी आवाज बुलंद करें। उन्होंने कहा कि महापंचायत में प्रदेशभर से किसान, मजदूर, महिलाएं, छात्र और नौजवान भाग लेंगे। बैठक में हरिप्रकाश, ईश्वर सिंह राठी, हंसराज राणा, सेवानंद, इंदर सिंह, सुरेंद्र और जयभगवान सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल हुए।

पावरग्रिड कार्य शुरू होने पर किसानों में रोष

खरखौदा। गांव सोहटी स्टेडियम में 765 केवी नरेला - सीकर पावरग्रिड लाइन से प्रभावित किसानों का धरना सोमवार को भी जारी रहा। किसानों ने ड्यूटी मजिस्ट्रेट एवं तहसीलदार खरखौदा बिजेंद्र नांदल को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नाम ज्ञापन सौंपकर जमीन का उचित मुआवजा देने की मांग की। किसानों ने बताया कि 7 अक्टूबर को मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान उपायुक्त सोनीपत को दो दिन में जांच रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए थे। किसानों के अनुसार, इसी आश्वासन पर किसान नेता अभिमन्यु कोहाड़ ने अनशन समाप्त किया था और मांगों का समाधान होने तक पावरग्रिड का कार्य शुरू नहीं करने का भरोसा दिया गया था। इसके बावजूद सोमवार को कार्य शुरू होने से किसानों में रोष है। किसानों ने कहा कि वे टकराव नहीं चाहते और बातचीत के माध्यम से समस्या का समाधान चाहते हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर से मुलाकात के बावजूद मुआवजे में बढ़ोतरी क्यों नहीं हुई। किसानों ने प्रशासन को 17 अक्टूबर तक का समय देते हुए चेतावनी दी कि मांगों का समाधान नहीं होने पर वे बड़ा फैसला लेंगे। तहसीलदार बिजेंद्र नांदल ने किसानों को बताया कि उन्हें पावरग्रिड का कार्य शुरू करवाने के आदेश मिले हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि किसानों का ज्ञापन नियमानुसार उच्च अधिकारियों के माध्यम से मुख्यमंत्री तक भेजा जाएगा।

न्यूज डायरी

उच्च शिक्षा को भी मौलिक अधिकार बनाने का समय



सोनीपत। भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति उदयू. ललित ने कहा कि बुनियादी शिक्षा को मौलिक अधिकार बनाने के बाद अब उच्च शिक्षा को भी मौलिक अधिकार बनाने की दिशा में आगे बढ़ने का समय है। वह सोमवार को एसआरएम विश्वविद्यालय दिल्ली एनसीआर, सोनीपत में विकसित भारत कॉन्क्लेव के समापन समारोह में 'भारत@ 2047 : ज्ञान, न्याय और समावेशी विकास' विषय पर विश्व नाथपसायत स्मृति व्याख्यान–2026 दे रहे थे। न्यायमूर्ति ललित ने ज्ञान और औपचारिक शिक्षा के अंतर को स्पष्ट करते हुए कहा कि ज्ञान का दायरा शिक्षा से कहीं व्यापक है। हमारे पूर्वजों की औपचारिक शिक्षा भले ही कम रही हो, लेकिन

खंड स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता में सारिका अव्वल



गोहाना। खंड स्तर पर आयोजित 17वीं राष्ट्रीय मतदाता प्रतियोगिता के तहत हुई निबंध लेखन प्रतियोगिता में जेएलएन वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, गोहाना की 11वीं नॉन-मेडिकल की मेधावी छात्रा सारिका सुपुत्री नवीन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस उत्कृष्ट सफलता के आधार पर उनका चयन जिला स्तर के लिए हुआ है। सोमवार को छात्रा सारिका को विद्यालय परिसर में समारोहपूर्वक सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के एमडी एडवोकेट सुनील शर्मा ने की और संयोजन उप प्राचार्य सूरत शर्मा का रहा। मुख्य वक्ता प्राचार्य डॉ. सचिन शर्मा ने कहा कि वोट केवल हमारा अधिकार ही नहीं, जिम्मेवारी भी है।

साउथ प्वाइंट स्कूल में क्षमता निर्माण कार्यक्रम



सोनीपत। साउथ प्वाइंट पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा-बुनियादी स्तर (नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क-फाउंडेशनल स्टेज) विषय पर क्षमता निर्माण कार्यक्रम (सीबीपी) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को बुनियादी स्तर की शिक्षा से जुड़ी पाठ्यचर्या रूपरेखा की जानकारी देना और शिक्षण प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाने के लिए जागरूक करना रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता साउथ प्वाइंट पब्लिक स्कूल की प्राचार्य भावना कालरा ने की। स्वर्णप्रस्थ स्कूल की पूजा जिंदल व हिंदू विद्यापीठ की सोनिया पंवार ने संसाधन व्यक्ति के रूप में भाग लिया। उन्होंने विषय से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की और शिक्षकों को बुनियादी स्तर पर बच्चों की सीखने की प्रक्रिया को बेहतर बनाने के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया।

छात्राओं ने मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता रैली निकाली



सोनीपत। टीकाराम गर्ल्स कॉलेज के मनोविज्ञान विभाग एवं यूथ रेडक्रॉस टीम की ओर से विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर रुचि स्पेशल स्कूल का शैक्षणिक भ्रमण किया गया। प्राचार्य प्रो. डॉ. ऊषा दहिया ने हरी झंडी दिखाकर छात्राओं को रवाना किया। साथ ही छात्राओं ने रैली के माध्यम से समाज को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। टीकाराम एजुकेशन सोसाइटी के प्रधान सुरेंद्र दहिया के सहयोग एवं प्रोत्साहन से आयोजित इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों में सामाजिक जिम्मेदारी और विशेष बच्चों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना रहा। मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष कंचन सिधर, यूथ रेडक्रॉस की संचालिका सविता, मनोविज्ञान की प्राध्यापिका नैन्सी देशवाल व अन्नु ने छात्राओं का मार्गदर्शन किया। उन्होंने छात्राओं को संदेश दिया कि मनुष्य के लिए मानसिक स्वास्थ्य उतना ही जरूरी है, जितना शारीरिक स्वास्थ्य। प्रेम, सम्मान व सहयोग हर बच्चे के बेहतर भविष्य की नींव हैं।

रोल प्ले में गढ़ मिरकपुर की टीम रही प्रथम



सोनीपत। बीसवां मील स्थित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट), सोनीपत के डीआरयू विंग की ओर से आयोजित जिलास्तरीय रोल प्ले एवं लोक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डायट प्राचार्य सुजाता खत्री ने की। प्रतियोगिता में जिले के सभी खंडों की टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्राचार्य सुजाता खत्री ने बताया कि कार्यक्रम विषय-आधारित था, जिसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को समसामयिक सामाजिक चुनौतियों के प्रति जागरूक करना रहा। साथ ही उनमें सामाजिक उत्तरदायित्व एवं सकारात्मक जीवन मूल्यों का विकास करना रहा। प्रतियोगिता के अंतर्गत साइबर सुरक्षा, पर्यावरणीय अवनति, कन्या भ्रूण हत्या एवं स्वस्थ जीवनशैली जैसे महत्वपूर्ण विषयों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया।

राष्ट्रीय चैंपियनशिप: अंश के मुक्के से निकला कांस्य पदक



गोहाना। सीबीएसई द्वारा आयोजित राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में जेकेआर पब्लिक स्कूल गोहाना के छात्र अंश ने कांस्य पदक जीतकर अपने स्कूल का गौरव बढ़ाया। सोमवार को स्कूल में एमडी राजबीर राठी ने अंश को पदक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान करके सम्मानित किया। सम्मान समारोह की अध्यक्षता स्कूल के प्रबंधक उत्तम राठी ने की। राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप गुरुग्राम के आरबीएसएम स्कूल में आयोजित की गई। यह चैंपियनशिप तीन चरणों में सम्पन्न हुई। छात्र अंश ने तीनों चरणों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान हासिल करके कांस्य पदक अपने नाम कर लिया। अंश ने चैंपियनशिप में अंडर-14 आयु वर्ग में 48-50 किलोग्राम भारवर्ग में प्रतिभागिता की। स्कूल के एमडी राजबीर राठी ने छात्र अंश को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहकर पढ़ाई के साथ खेलों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

छात्राओं को इनोवेशन चैलेंज के उद्देश्य से अवगत कराया

गोहाना। भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि) में सेवा संकल्प अभियान के तहत इनोवेशन चैलेंज के प्रति छात्राओं को जागरूक करने के उद्देश्य से एक विशेष जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को इनोवेशन चैलेंज के उद्देश्य एवं महत्व से अवगत करवाया गया तथा उन्हें अपने नवीन विचार निर्धारित पोर्टल पर प्रस्तुत करने के लिए प्रेरित किया गया। सत्र के माध्यम से छात्राओं को समाज की आवश्यकताओं को समझते हुए ऐसे रचनात्मक समाधान विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया गया, जो सामाजिक बदलाव और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने में सहायक बन सकें। कार्यक्रम का समन्वय सेवा संकल्प अभियान की निदेशक एवं नोडल अधिकारी प्रो. अंशु भारद्वाज ने किया।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत गुहणा में मछलीपालन हेतु भाग नं. 14 से 22 की बोली दिनांक 19.10.2026 को सुबह 10 बजे गांव के ग्राम सचिवालय में करवाई जाएगी, जिसकी सरकारी कीमत 10,58,000 रुपये है। बोली की बाकी शर्तें मौके पर सुनाई जाएंगी।

हस्ता/-सरपंच
ग्राम पंचायत गुहणा
खण्ड सोनीपत

मां से सुख-समृद्धि और खुशहाली का मांगा आशीर्वाद

मां ब्रह्मचारिणी की भक्ति में डूबे श्रद्धालु, उमड़ी भीड़

हरिभूमि न्यूजर ▶▶| सोनीपत



स्वर्णप्रस्थ नगरी में सोमवार को शारदीय नवरात्र उत्सव के दूसरे दिन मंदिरों से लेकर घरों में श्रद्धालुओं ने जगत जननी के दूसरे स्वरूप मां ब्रह्मचारिणी की विधिविधान से पूजा-अर्चना कर परिवार व समाज में सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। मंदिरों में सुबह-शाम श्रद्धालुओं की काफी भीड़ रही। मां दुर्गा की आराधना के लिए श्रद्धालुओं का आवागमन लगा रहा। सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। दिनभर मंदिर परिसर माता के जयकारों से गूंजते रहे और श्रद्धालु कतारों में लगकर मां के दर्शन करते नजर आए। शहर के बड़ा बाजार स्थित सिद्धपीठ चिटाने वाली माता मंदिर, कामी रोड स्थित सिद्धपीठ श्री चंडी मां महाकाली प्राचीन मंदिर, सेक्टर-14 स्थित श्री चिंतपूर्णी मंदिर, सिद्धपीठ बाबा धाम मंदिर, मॉडल टाउन स्थित नवदुर्गा माता मंदिर, कच्चे क्वार्टर स्थित दुर्गा मंदिर, मॉडल टाउन में नव दुर्गा मंदिर, कैलाश कॉलोनी स्थित शिव धाम मंदिर सहित अन्य प्राचीन मंदिरों में प्रातःकाल से ही माता रानी के दर्शन के लिए कपाट खुले रहे। मंदिरों में सुरक्षा व्यवस्था के विशेष प्रबंध रहे। वहीं मंगलवार को नवरात्र उत्सव के तीसरे दिन मां दुर्गा के तीसरे स्वरूप चंद्रघंटा की आराधना की जाएगी। धार्मिक मान्यता के अनुसार मां चंद्रघंटा के मस्तक पर घंटे के आकार का अर्धचंद्र सुशोभित है, इसी कारण उन्हें चंद्रघंटा कहा जाता है। इनका वाहन बाघ है। मां चंद्रघंटा की आराधना से साहस, सुख-समृद्धि और शांति की प्राप्ति होने की मान्यता है।

नवरात्र में दुर्गा चालीसा पाठ करना शुभ

पंडित अमित शौनक ने बताया कि मां चंद्रघंटा की पूजा के दौरान 'ॐ देवी चंद्रघंटायै नमः' मंत्र का जाप करना चाहिए। माता को सिंदूर, अक्षत, गंध, धूप और पुष्प अर्पित करें। दूध से बनी मिठाई का भोग भी लगाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि नवरात्र के प्रत्येक दिन दुर्गा चालीसा का पाठ और मां दुर्गा की आरती करना शुभ माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, मां चंद्रघंटा की कृपा से भक्तों को सुख-समृद्धि, ऐश्वर्य और सुखी दांपत्य जीवन का आशीर्वाद प्राप्त होता है।

बाजार से सामान लाने घर से थैला लेकर जाएं : जागलान



गोहाना। हरियाणा स्वच्छ भारत मिशन के उपाध्यक्ष रविंद्र जागलान ने कहा कि उपमंडल गोहाना क्षेत्र को स्वच्छ, सुंदर और प्रदूषण मुक्त बनाना प्रशासन की प्राथमिकताओं में शामिल है। इसके लिए सभी संबंधित विभागीय अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते सुनिश्चित करें। उन्होंने सोमवार को सिंचाई विश्राम गृह में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर समीक्षा की। वाइस चेयरमैन ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वर्तमान सीजन में वायु प्रदूषण की रोकथाम के लिए खेतों में पराली का उचित और प्रभावी प्रबंधन अत्यंत आवश्यक है। कृषि विभाग के अधिकारी किसानों को पराली न जलाने के लिए जागरूक करें। पेयजल स्वच्छ हो ताकि बीमारियों का खतरा न हो। लोग बाजारों में प्लास्टिक मुक्त शॉपिंग करें और अपने घर से जूट के बैग लेकर जाएं।

मिशन एडमिशन : आईटीआई में दाखिले का फिर मिला मौका, बगैर आवेदन करने वालों को भी 15 तक छूट

दाखिले से वंचित विद्यार्थी एससीवीटी व एनसीवीटी के विभिन्न व्यवसायों में खाली सीटों पर ले सकेंगे दाखिला

आईटीआई संस्थानों में पहले चार चरणों में 21 अगस्त को संपन्न हो गई थी दाखिला प्रक्रिया, सोनीपत आईटीआई में 246 सीटें खाली

सोनीपत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में चार चरणों में 25 ट्रेड की 872 सीटों पर मात्र 626 छात्रों ने लिया था दाखिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

प्रदेश सरकार व कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण निदेशालय ने दाखिले से वंचित विद्यार्थियों को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में प्रवेश का एक और अवसर प्रदान किया है। संस्थानों में अब पांचवीं बार दाखिले की अंतिम तिथि बढ़ाते हुए छात्रों को 15 अक्तूबर तक दाखिला लेने का मौका दिया गया है। खास बात यह है कि अब वह विद्यार्थी भी आईटीआई में दाखिला ले सकेंगे, जिन्होंने अभी तक किसी भी आईटीआई में प्रवेश के लिए आवेदन नहीं किया है। इससे पहले आईटीआई संस्थानों में चल रही दाखिला प्रक्रिया के चार चरण 21 अगस्त को संपन्न हो गए थे। विद्यार्थियों के लिए 24 अगस्त से कक्षाओं का दौर प्रारंभ किया गया था, लेकिन अधिकांश संस्थानों में 25 प्रतिशत तक सीटें खाली रहने के कारण छात्रों को पुनः दाखिले का मौका दिया गया है।

बता दें कि सोनीपत आईटीआई संस्थान में चार चरणों में 25 ट्रेड की 872 सीटों पर कुल 626 विद्यार्थियों ने दाखिला लिया है, जबकि शेष 246 सीटों पर दाखिला प्रक्रिया के लिए कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण निदेशालय ने अब 4 दिन की छूट प्रदान की है। विद्यार्थी अपनी रुचि व योग्यता के अनुसार उपलब्ध सीटों पर प्रवेश ले सकते हैं। इच्छुक विद्यार्थियों से अपील की गई है कि वह इस अवसर का लाभ उठाते हुए निर्धारित समयावधि में आवेदन करें। सभी आवश्यक दस्तावेज तैयार रखें, ताकि दाखिला प्रक्रिया को समय पर पूरा किया जा सके। फिलहाल शैक्षणिक सत्र 2026-27 में छात्रों के लिए सोनीपत आईटीआई में निर्धारित 25 ट्रेड की 872 सीटों पर मात्र 75 प्रतिशत ही दाखिले पूरे हो पाए हैं। अगर अब कोई भी छात्र आईटीआई में दाखिला लेने का इच्छुक है, तो उसे निदेशालय की शर्तों के निर्देशानुसार ही दाखिला मिल सकेगा। संस्थान प्रबंधकों की मानें, तो सभी सीटों को भरने का लक्ष्य निर्धारित करते हुए विद्यार्थियों को 15 अक्तूबर तक ट्रेड व संस्थान चयन का मौका दिया गया है।



सोनीपत के राठधना रोड स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान।

सोनीपत आईटीआई की 8 ट्रेड में सभी सीटों पर दाखिले फुल

बता दें कि जिले के 12 आईटीआई संस्थानों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण निदेशालय की ओर से ऑनलाइन पंजीकरण की अवधि 15 जुलाई को समाप्त होने के बाद तमाम सीटों पर दाखिला सुनिश्चित करने के प्रयास किया गया। इस बार सोनीपत आईटीआई की 25 ट्रेड में 872 सीटों पर दाखिला पाने के लिए 2725 युवाओं ने ऑनलाइन पंजीकरण करवाया था। इस वर्ष इलेक्ट्रीशियन, ड्राफ्ट्समैन, इलेक्ट्रोनिक्स मैकेनिक, फीटर, मोटर व्हीकल मैकेनिक, रेफ्रिजरेटर एंड एयर कंडिशनिंग तकनीशियन, वायरमैन, स्टेनोग्राफर एंड सैक्रेट्रियल असिस्टेंट जैसी ट्रेडों में सभी सीटों पर दाखिला प्रक्रिया पूरी हो चुकी है।

दोबारा दाखिला प्रक्रिया प्रारंभ

निदेशालय के जारी निर्देशानुसार 12 से 15 अक्तूबर तक दोबारा दाखिला प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। संस्थान प्रबंधन ने इस प्रक्रिया के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं। इच्छुक विद्यार्थियों को सुबह 9 से 11 बजे तक आवेदन करना होगा। इसके बाद दोपहर 12 बजे तक मेरिट सूची जारी की जाएगी। मेरिट सूची में शामिल विद्यार्थियों को उसी दिन संबंधित आईटीआई में पहुंचकर अपने आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन करवाकर निर्धारित शुल्क जमा करवाकर दाखिला सुनिश्चित करना होगा।

-विक्रम सिंह, प्रधानाचार्य, आईटीआई, सोनीपत

सोनीपत आईटीआई में अब तक किस ट्रेड में कितने हुए दाखिले

ट्रेड	कुल सीटें	दाखिले	खाली सीटें
कंप्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट	48	34	14
ड्राफ्ट्समैन (सिविल)	24	24	00
ड्राफ्ट्समैन (मैकेनिक)	40	26	14
इलेक्ट्रीशियन	60	60	00
इलेक्ट्रोनिक्स मैकेनिक	48	48	00
फीटर	40	40	00
लिफ्ट एंड एक्केलेटर मैकेनिक	24	13	11
मशीनिष	40	38	02
मशीनिष्ट (ग्राइंडर)	20	00	20
मोटर व्हीकल मैकेनिक	48	48	00
मैकेनिक डीजल, इयूल	48	43	05
मैकेनिक इलेक्ट्रिक व्हीकल	24	13	11
पेंटर जनरल	20	11	09
प्लास्टिक प्रोसेसिंग ऑपरेटर	40	12	28
प्लंबर	24	18	06
रेफ्रिजरेटर एंड एयर कंडिशनिंग तकनीशियन	48	48	00
शीट मेटल वर्कर इयूल	40	10	30
स्टेनोग्राफर एंड सैक्रेट्रियल असिस्टेंट (हिंदी)	24	24	00
टूल एंड डाइ मेकर (डाइज एंड मॉल्डस)	24	02	22
टर्नर	40	26	14
वेल्डर	40	15	25
वेल्डर, इयूल	20	19	01
वायरमैन	40	40	00
वुड वर्क तकनीशियर	24	08	16
कुल	872	626	246

ऐलानः हर कार्यकर्ता राहुल के साथ खड़ा रहेगा

कांग्रेस जिलाध्यक्ष की अगुवाई में दिल्ली मार्च में पहुंचे कार्यकर्ता


सोनीपत। दिल्ली पहुंचें कांग्रेस कार्यकर्ता साथ में जिलाध्यक्ष शहरी व ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में सोमवार को राजधानी दिल्ली में आयोजित विरोध मार्च में सोनीपत के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। शहरी जिलाध्यक्ष कमल दिवान की अगुवाई में सैकड़ों पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता दिल्ली पहुंचे। बाराखंभा रोड से सुप्रीम कोर्ट तक निकाले गए पैदल मार्च में कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ नारेबाजी की।

शहरी जिलाध्यक्ष कमल दिवान और ग्रामीण जिलाध्यक्ष संजीव दहिया के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने की नारेबाजी

कमल दिवान के नेतृत्व में सोनीपत से कांग्रेस कार्यकर्ताओं का जत्था सुबह ही दिल्ली के लिए रवाना हो गया था। दिल्ली पहुंचने के बाद उन्होंने स्थानीय पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय बनाते हुए सभी को मुख्य मार्च में शामिल कराया। प्रदर्शन के दौरान कमल दिवान ने कहा कि कांग्रेस संविधान और लोकतांत्रिक संस्थाओं की रक्षा के लिए सड़क से लेकर संसद तक संघर्ष कर रही है। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी देश के दबे-कुचले, शोषित वर्गों, युवाओं और किसानों की आवाज उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सत्ता के दबाव में जनता के अधिकारों को दबाया नहीं जा सकता। जब भी लोकतंत्र पर खतरा मंडराएगा, कांग्रेस कार्यकर्ता राहुल गांधी के साथ खड़े रहेंगे। मार्च में जयवीर अंतिल, ब्लॉक अध्यक्ष (एमसी-1) दीपक चावला, ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष पुनीत राणा, उपाध्यक्ष अमनदीप पाराशर, महासचिव राजेश सेवली, संजय खेवड़ा, पवन मेहरा, लीलू प्रधान आदि मौजूद रहे।

ओपन नेशनल ताइक्वांडो-कप में जीडी गोयंका स्कूल का रहा शानदार प्रदर्शन



राई। जीडी गोयंका इंटरनेशनल स्कूल सोनीपत के खिलाड़ियों ने ओपन नेशनल ताइक्वांडो कप 2026 में शानदार प्रदर्शन करते विद्यालय का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। प्रतियोगिता में विद्यालय की टीम ने ओवरऑल टीम ट्रॉफी में तीसरा स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में विद्यालय के सात विद्यार्थियों ने पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। खिलाड़ियों ने कुल पांच स्वर्ण और दो रजत पदक अपने नाम किए। स्वर्ण पदक जीतने वालों में कक्षा 11वीं की अनन्या पंवार, कक्षा नौवीं की शनाया राठी, कक्षा सातवीं की इजना, कक्षा आठवीं की कीर्ति और कक्षा चौथी की आलिया शामिल हैं। इन सभी खिलाड़ियों ने प्रथम स्थान हासिल कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। वहीं, कक्षा नौवीं की सिंधु और कक्षा आठवीं के अमृत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीतकर दूसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की प्रशासनिक प्रमुख निधि दत्ता ने सभी पदक विजेता विद्यार्थियों और उनके खेल प्रशिक्षकों को बधाई दी। कहा कि विद्यालय प्रबंधन विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी बेहतर अवसर, सुविधाएं और प्रोत्साहन देने के लिए प्रतिबद्ध है।

5 स्वर्ण और 2 रजत जीतकर खिलाड़ियों ने बढ़ाया सोनीपत का मान

एशियन गेम्स की स्वर्ण पदक विजेता शिल्पी डबास का किया स्वागत



राई। जिंदल ग्लोबल सिटी में एशियन गेम्स की महिला हॉकी प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर लौटीं महिला हॉकी खिलाड़ी ई ब्लॉक की निवासी शिल्पी डबास का नागरिकों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। समारोह के आरंभ में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक के वरिष्ठ प्रोफेसर महताब सिंह ने मुख्य अतिथियों का स्वागत किया। राम कुहाड़ ने शिल्पी डबास को शाल भेंट कर सम्मानित किया। मातृशक्ति की ओर से राजकुमारी खत्री ने भी शाल भेंट कर व पूर्व म्युनिसिपल काउंसलर पुनीत त्यागी ने प्रभावशाली संबोधन के माध्यम से शिल्पी डबास को आशीर्वाद दिया। समारोह में शिल्पी डबास के माता-पिता अनीता डबास और अनिल डबास विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर रामचंद्र मलिक, कर्नल सूरी, रामकिशन खत्री, सुनीता मल्होत्रा, सुधा शर्मा, राजपाल,शांति वर्मा,अशोक शर्मा, डॉ. राधेश्याम, राजबीर खत्री, श्री राजबीर दहिया, जयपाल राकेश वाजपेयी,अरुण गोयल, रामकरण खत्री, देवेंद्र घण्गस, राजीव राणा, परवीन दहिया, मंजीत खत्री, राखी खत्री, डॉ. अनिदेव घण्गस, दीपक ठाकरान, अधिवक्ता ऋषभ राणा आदि मौजू थे।

पूर्व निगम पार्षद पुनीत त्यागी ने शिल्पी डबास को आशीर्वाद दिया।

गोहाना की जनता का विश्वास ही सबसे बड़ी पूंजी : डॉ. अरविंद



गोहाना। सहकारिता, पर्यटन, कारागार एवं विरासत मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा का जन्मदिन सोमवार को गोहाना में उत्साह और आत्मीयता के साथ मनाया गया। दीपांशी गार्डन में आयोजित आशीर्वाद कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि और आमजन पहुंचे। लोगों ने फूलमालाएं व पुष्पगुच्छ भेंट कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भी डॉ. शर्मा को जन्मदिन की बधाई दी। कैबिनेट मंत्री ने कार्यकर्ताओं के साथ केक काटकर सभी का आभार जताया। लोगों के स्नेह से अभिभूत डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि गोहाना की जनता उनके परिवार का हिस्सा है। लोगों से मिला प्यार और सम्मान जीवनभर नहीं भूल पाएंगे। जनता का विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी पूंजी है और वे क्षेत्र के विकास व लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए लगातार प्रयास करते रहेंगे। डॉ. शर्मा ने कहा कि रक्तदान से जरूरतमंदों को जीवनदान मिल सकता है और स्वास्थ्य जांच शिविरों से बीमारियों की समय पर पहचान में मदद मिलती है।

राज्यपाल प्रो. घोष और सीएम सैनी ने दी जन्मदिन की बधाई

जनता दरबार में उठीं समस्याओं के हल के लिए विधायक ने दिए निर्देश



गन्नौर। जनता की समस्याओं के समाधान के लिए विधायक देवेंद्र कादियान ने सोमवार को अपने निजी कार्यालय में साप्ताहिक जनता दरबार लगाया। इसमें शहर और ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे। सड़क, बिजली, पानी, राजस्व और पुलिस से जुड़े मामले सामने आए। विधायक ने लोगों की समस्याएं सुनने के बाद संबंधित अधिकारियों को फोन कर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। जनता दरबार में लोगों ने व्यक्तिगत परेशानियों के साथ सार्वजनिक सुविधाओं से जुड़े मुद्दे भी उठाए। किसी ने बुनियादी सुविधाओं की कमी तो किसी ने लंबित कार्यों की समस्या रखी। विधायक ने लोगों की बात सुनकर संबंधित विभागों के अधिकारियों से बातचीत की और समस्याओं का जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। राजलू गढ़ी गांव से पहुंचे ग्रामीणों ने एससी चौपाल की खस्ताहालत का मुद्दा उठाया। उन्होंने चौपाल की मरम्मत कराने के साथ गांव के कई रास्तों का निर्माण कराने की मांग की। ग्रामीणों ने इन कार्यों को जरूरी बताते हुए विधायक से जल्द कार्रवाई की मांग की।

विधायक देवेंद्र कादियान ने साप्ताहिक जनता दरबार लगाया

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 8295154800, 9653530209, 9253681005, 9253681010

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

साईज	संस्करण	विशेष छूट राशि
5 X 8 सें.मी 10X 8 सें.मी	स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर	रु. 2000/- रु. 2500/-

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

जोड़ी ने क्लब थ्रो में बनाई जगह; पैरा ओलंपियन एकता भयान भी पदक की दावेदार

जिद और जुनून की मिसाल अमित सरोहा, शिष्य धर्मबीर के साथ फिर पदक जीतने मैदान में उतरेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिद, जुनून और मेहनत के दम पर दुनिया के खेल मैदानों में अपनी पहचान बनाने वाले पैरा एथलीट अमित सरोहा एक बार फिर देश के लिए पदक जीतने के इरादे से मैदान में उतरने को तैयार हैं। इस बार उनके साथ उनके शिष्य धर्मबीर नैन भी होंगे। अमित सरोहा और धर्मबीर की गुरु-शिष्य की जोड़ी ने क्लब थ्रो स्पर्धा में एशियाई खेलों के लिए चयन हासिल किया है। दोनों खिलाड़ियों का लक्ष्य एक बार फिर देश के लिए पदक जीतकर तिरंगे का मान बढ़ाना है। खास बात यह है कि अमित सरोहा पांचवीं बार एशियाई खेलों में हिस्सा लेने जा रहे हैं। उनके अनुभव और धर्मबीर के प्रदर्शन पर खेल प्रेमियों की निगाहें रहेंगी। गुरु और शिष्य के बीच विश्वास, मेहनत और समर्पण का यह रिश्ता खेल जगत में एक अलग पहचान रखता है। अमित सरोहा जहां अपने लंबे अनुभव के साथ मैदान में उतरेंगे, वहीं धर्मबीर नैन अपने प्रदर्शन से एक बार फिर देश को गौरवान्वित करने का प्रयास करेंगे। अमित सरोहा भारतीय पैरा एथलेटिक्स के अनुभवी खिलाड़ियों में शामिल हैं। उन्होंने वर्ष 2010, 2014, 2018 और 2023 के एशियाई खेलों में हिस्सा लेकर पांच पदक जीते हैं। इनमें दो स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य पदक शामिल हैं। अब वह अपने खेल करियर का छठा एशियाई खेल पदक जीतने के लक्ष्य के साथ तैयारी कर रहे हैं।


अमित सरोहा।


धर्मबीर नैन।

गुरु के मार्गदर्शन में बनाई पहचान

पैरा ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीत चुके धर्मबीर नैन ने अपनी मेहनत और प्रदर्शन से यह साबित किया है कि सही मार्गदर्शन और निरंतर अभ्यास से बड़ी उपलब्धियां हासिल की जा सकती हैं। पिछले वर्ष धर्मबीर ने अपने गुरु अमित सरोहा का 12 साल पुराना एशियाई रिकॉर्ड तोड़ा था। यह उपलब्धि दोनों के लिए खास रही। गुरु के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण लेने वाले धर्मबीर ने अपनी मेहनत से नया मुकाम हासिल किया और अब दोनों एक बार फिर एशियाई खेलों में साथ उतरने जा रहे हैं। वर्ष 2018 के एशियाई खेलों में भी अमित सरोहा और धर्मबीर नैन ने एक साथ पदक जीतकर पोडियम पर जगह बनाई थी। उस दौरान अमित ने रजत और धर्मबीर ने स्वर्ण पदक हासिल किया था। दोनों खिलाड़ियों की यह सफलता गुरु-शिष्य के रिश्ते और आपसी तालमेल की मिसाल बनी थी। अब एक बार फिर दोनों की कोशिश उसी प्रदर्शन को दोहराने और देश के लिए पदक जीतने की होगी।

न्यूज डायरी

जन औषधि केंद्र की लोगों को राहत देने में महत्वपूर्ण भूमिका : शेखर आंतिल



राई। बहालगढ़ स्थित मुख्य खेवड़ा रोड पर प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र का उद्घाटन जखौली मंडल अध्यक्ष (विधानसभा राई) एवं सोनीपत ग्रीवेंस कमेटी के सदस्य शेखर आंतिल ने किया। इससे पूर्व केंद्र के संचालक विशाल जैन, मौविका जैन, गुंजन जैन ने पुष्प गुच्छ देकर शेखर आंतिल का स्वागत किया। शेखर आंतिल ने अपने संबोधन में कहा कि कार्यक्रम में जन औषधि परियोजना के उद्देश्य और आमजन को सस्ती एवं गुणवत्तापूर्ण दवाइयां उपलब्ध करवाना है। शेखर आंतिल ने कहा कि प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना आम नागरिकों को कम कीमत पर गुणवत्तापूर्ण दवाइयां उपलब्ध कराने की महत्वपूर्ण पहल है। दवाइयों पर होने वाला खर्च कई परिवारों के लिए आर्थिक चिंता का विषय बन जाता है। ऐसे में जन औषधि केंद्र लोगों को राहत देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए जरूरी है कि प्रत्येक व्यक्ति को उचित कीमत पर दवाइयां उपलब्ध हों। प्रतीक जैन, विशाल जैन, मौविका जैन, गुंजन जैन, तुषार जैन, हर्ष जैन, अरुष जैन और खुशी जैन आदि मौजूद थे।

खेल महाकुंभ के फेंसिंग ट्रायल में ऋषिकुल का रहा शानदार प्रदर्शन



सोनीपत। ऋषिकुल विद्यापीठ में खेल महाकुंभ के अंतर्गत फेंसिंग (तलवारबाजी) के जिलास्तरीय ट्रायल का आयोजन किया गया। ट्रायल में करीब 70 खिलाड़ियों ने भाग लिया। ऋषिकुल विद्यापीठ के 24 खिलाड़ियों,(जिनमें 12 छात्राएं व 12 छात्र) भी ट्रायल में शामिल हुए। खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 11 छात्राओं व 5 छात्रों सहित कुल 16 खिलाड़ियों ने राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के लिए अपनी जगह बनाई। चयनित खिलाड़ियों में पायल, अद्विता, पुष्टि, सिया, प्रज्ञा, याना, अन्वेषा, शिखा, याशिका, नैंसी, रीतम, निशांत, सिद्धार्थ, हर्ष, ऋषभ, नोएर शामिल रहे। उप-प्रधानाचार्य कृति चौधरी ने कहा कि सफलता के लिए नियमित अभ्यास, आत्मविश्वास व दृढ़ संकल्प आवश्यक हैं।

'नवोदित 4.0' मूट कोर्ट प्रतियोगिता में उदय कृष्ण मिश्रा और उन्नति अव्वल



सोनीपत। डॉ. बीआर आंबेडकर राष्ट्रीय विधि विवि, की मूट कोर्ट सोसायटी की ओर से सोमवार को 5 दिवसीय 'नवोदित 4.0' मूट कोर्ट प्रतियोगिता का समापन किया गया। प्रतियोगिता में 80 से अधिक टीमों ने भाग लेकर अपनी विधिक समझ, शोध क्षमता व तर्क-वितर्क कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ 7 अक्तूबर को विवि के कुलपति प्रो. डॉ. देविंद्र सिंह ने बैनर अनावरण के साथ किया था। प्रतियोगिता की संयोजक डॉ. अंकिता माथुर ने बताया कि प्रतियोगिता के प्रारंभिक दौर 8 व 9 को आयोजित किए , जिनमें से 16 टीमों ने अगले चरण में प्रवेश किया। 10 अक्तूबर को ऑक्टाफाइनल एवं क्वार्टर फाइनल और 11 अक्तूबर को सेमीफाइनल व फाइनल मुकाबले आयोजित किए गए। प्रतियोगिता में टीसी-71 के उदय कृष्ण मिश्रा व उन्नति सोलंकी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

राज्यस्तरीय सेपक टेकरा प्रतियोगिता में जीवीएम की खिलाड़ियों ने जीते पदक



सोनीपत। चरखी दादरी में आयोजित 23वीं सीनियर हरियाणा राज्य सेपक टेकरा चैंपियनशिप-2026 में जीवीएम गर्ल्स कॉलेज की खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पदक हासिल किए। संस्था के प्रधान डॉ. ओपी परुथी व प्राचार्य डॉ. मंजुला स्पाह ने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने अपनी खेल प्रतिभा, मेहनत और टीम भावना का परिचय दिया। प्राचार्य ने बताया कि कॉलेज की खिलाड़ियों ने व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण पदक व टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर संस्थान का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि से कॉलेज में दिनभर खुशी का माहौल रहा। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली छात्राओं में मीनू शिवांशी, सिमरन व अनु शामिल रहीं। उनकी इस उपलब्धि पर कॉलेज की खेल प्रभारी अनु ने छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

अनुसर्व ने उत्तीर्ण की एनडीए की लिखित परीक्षा, प्रथम प्रयास में हासिल की सफलता



खरखौदा। पैरामाउंट स्कूल ऑफ साइंस मौजमनगर, फरमाना के कक्षा 12 वीं के छात्र अनुसर्व पुत्र रविंदर सिंह, निवासी गांव गोरड़, ने राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) की लिखित प्रवेश परीक्षा प्रथम प्रयास में उत्तीर्ण कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विशेष बात यह है कि अनुसर्व ने यह उपलब्धि बिना किसी बाहरी कोचिंग के हासिल की। विद्यालय की प्रधानाचार्या मोनिका फोगाट ने अनुसर्व को बधाई देते उसकी मेहनत, लगन और आत्मविश्वास की सराहना की। कहा कि विद्यार्थियों को उचित मार्गदर्शन, नियमित अभ्यास और अनुशासित अध्ययन का वातावरण उपलब्ध कराया जाए, तो वे विद्यालय में पढ़ाई के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं में भी बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं। अनुसर्व की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है।

साइबर सुरक्षा प्रत्येक परिवार व नागरिक से जुड़ा विषय : डॉ. विजयपाल नैन



सोनीपत। पूर्ण मूर्ति विद्यापीठ में 'साइबर सिक्योरिटी इन एआई एरा' विषय पर ज्ञानवर्धक सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का उद्देश्य विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के बढ़ते प्रभाव के बीच साइबर सुरक्षा के महत्व, डिजिटल दुनिया में मौजूद खतरों और सुरक्षित इंटरनेट उपयोग के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में इंजीनियरिंग, बीसीए और पॉलिटेक्निक के विद्यार्थियों को तकनीक का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करने, जागरूक डिजिटल नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया गया। चेयरमैन डॉ. विजयपाल नैन ने सचिव गौतम नैन, कोषाध्यक्ष भोपाल सिंह, प्रबंध निदेशक कपिल भाटिया, एमडी इंजीनियर संघदीप शाक्य, डायरेक्टर एकेडेमिक्स डॉ. स्वीटी, कैंपस डायरेक्टर कुलदीप, रजिस्ट्रार कंवलजीत सिंह संधू आदि ने सेमिनार का शुभारंभ किया।

गुरुकुल मटिंडू में क्षमता संवर्धन कार्यक्रम



खरखौदा। गुरुकुल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मटिंडू में शिक्षकों के व्यावसायिक विकास एवं शिक्षण कौशल को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से क्षमता संवर्धन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गुरुकुल मटिंडू सहित विभिन्न विद्यालयों के 60 शिक्षकों ने उत्साह एवं सक्रिय सहभागिता के साथ भाग लिया तथा नवीन शिक्षण विधियों और शैक्षिक तकनीकों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। कार्यक्रम में श्री सत्य चौधरी एवं रितु सिंह ने रिसोर्स पर्सन के रूप में शिक्षकों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने प्रभावी शिक्षण पद्धतियों, आधुनिक शैक्षिक तकनीकों तथा विद्यार्थियों की प्रतिभा एवं रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने के विभिन्न तरीकों पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को नवीन शिक्षण विधियों से परिचित कराना रहा।